# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025


# आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को पितृ शोक

## आज अंतिम यात्रा उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर से निकलेगी

## स्वर्गीय कीर्तिनारायण हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएनएच-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी का 25 नवंबर को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे।

लंबे समय तक वे मध्यप्रदेश शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे और अपने कार्यकाल में अपनी निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। परिजनों ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर, बुधवार को उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी अपने पीछे स्नेहिल और समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं। बड़े सुपुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी और पुत्रवधू पूजा द्विवेदी परिवार की सार्वजनिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। छोटे बेटे रवि द्विवेदी और पुत्रवधू कीर्ति द्विवेदी ग्वालियर हाईकोर्ट के जाने-माने वकील हैं। वहीं पुत्री डॉ. राखी और दामाद डॉ. अविनाश शर्मा प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी का जन्म तत्कालीन गुना जिले के ईशागढ़ में हुआ था। उन्होंने ग्वालियर कृषि महाविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की थी। उनका विवाह ग्वालियर के प्रतिष्ठित पटेरिया परिवार की रमाजी से हुआ था। अपने अनुशासन, विनम्रता और परिवार-समाज के प्रति समर्पण के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। आईएनएच-हरिभूमि परिवार उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।



स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जताया दुख

### वे निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईएनएच-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मप्र शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे। वे अपने कार्यकाल में अपनी निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। मुख्यमंत्री ने परिजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है। अपने अनुशासन, विनम्रता और परिवार-समाज के प्रति समर्पण के लिए स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी हमेशा याद किए जाएंगे।

### शोक संवेदनाएं

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जताई संवेदना




राज्यपाल मंगुभाई

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आईएनएच- हरिभूमि समाचार समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुःखद है। राज्यपाल पटेल ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल

## ईश्वर शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें



हेमंत खंडेलवाल
मप्र भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष

मप्र भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आईएनएच–हरिभूमि समाचार समूह के प्रधान संपादक एवं मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी जी के पूज्यनीय पिताजी श्रद्धेय कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

### रात का पारा लगातार बढ़ने और दिन के तापमान में कमी से कोल्ड डे और कोल्ड वेव से राहत

पांच जिलों में रात का पारा 8 से 10 डिग्री के बीच

## प्रदेश में शीतलहर पर अब 'गर्मी' सवार पारा 19 डिग्री तक पहुंचा... बादल छाए

» **नौगांव सबसे ठंडा, पारा 8 डिग्री**

» **नवंबर के लिहाज से दिन ठंडा और रात का पारा अभी बढ़ रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो दिन से बादल और धुंध के असर के साथ हवाएं बदलने से रात के तापमान में तेजी से बढ़त जारी है। इससे रात में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से राहत रही। सबसे अधिक रात का पारा नर्मदापुरम में 18.7 डिग्री तक रहा, जबकि भोपाल में दो दिन में करीब 6 डिग्री बढ़कर 15.4 डिग्री पहुंच गया।

मंगलवार को प्रदेश में कहीं भी शीतलहर के साथ ही तेज सर्दी का असर महसूस नहीं किया गया है।



#### इसलिए बदली हवाएं

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया और श्रीलंका के पास एक सकुर्लेशन है। इसके लगातार आगे बढ़ते रहने से प्रदेश में हवाएं अभी बदल रही हैं। यह क्रम अगले दो से तीन दिन जारी रहेगा। इससे दिन में तापमान कुछ कम और रात में बढ़त होगी।

#### कहां-कितना बढ़ा पारा?

मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक बढ़त नरसिंहपुर में 7 डिग्री की रही। यहां रात का पारा 16 डिग्री दर्ज किया गया।

### जब धर्मेंद्र पंचतत्व में विलीन हो चुके थे तब उनके निधन की खबर आई

## फैंस को अंतिम दर्शन तक नहीं जल्दबाजी में किया दाह संस्कार

» **राजकीय सम्मान पर संशय**

» **धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा ऐसे होगी, इससे हर कोई हैरान**

एजेंसी ▶▶ मुंबई



धर्मेंद्र

करीब 6 दशक तक सिनेमाई दुनिया में सितारे की तरह रहे धर्मेंद्र का सोमवार 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा में देओल परिवार के साथ-साथ अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान, अभिषेक बच्चन जैसे कई नामचीन सितारे नम आखों से शामिल हुए। धर्मेंद्र अपनी पूरी जिंदगी जी कर गए। लेकिन उनका जाना जिस गुपचुप तरीके से हुआ, उससे हर कोई हैरान है। धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा ऐसे होगी, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा निकलती तो पूरा शहर सड़कों पर उमड़ पड़ता। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।


### आईएएस संतोष वर्मा ने दिया था विवादित बयान

## ब्राह्मण बेटियों वाले बयान पर हंगामा, मुंह काला करने पर 51 हजार रुपए 'इनाम'

» **सफाई में बोले- भाषण तोड़-मरोड़कर पेश किया**

» **सपाक्स ने कहा तत्काल गिरफ्तारी हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



संतोष वर्मा

अजाक्स के प्रांताध्यक्ष और सीनियर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने ब्राह्मण की बेटियों को लेकर अपने बयान पर माफी मांगी है। सफाई देते हुए वर्मा ने कहा कि मेरा भाषण 27 मिनट का था, लेकिन 2 सेकंड की क्लिप को चलाकर इसे प्रचारित किया गया है।



डिप्टी सीएम शुक्ला को ज्ञापन


॥ अंत्येष्टि आज ॥

अनित्यं जीवितं लोके सर्वं तद्भाग्यनिर्भरम्।
प्रार्थयामः शुभे स्वर्गे शान्तिः तस्यात्मनः सदा॥



कीर्ति नारायण द्विवेदी जी

1945 - 2025

मेरे पति श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का देवलोक गमन कल दिनांक 25 नवंबर को हो गया है। **अंतिम यात्रा आज** (26 नवंबर) प्रात: 9.00 बजे हमारे निज निवास 3, सिंधी कालोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम जाएगी।

॥ श्रद्धानवत ॥

श्रीमती रमा द्विवेदी (पत्नी)
डॉ. हिमांशु (प्रधान संपादक हरिभूमि समाचार पत्र समूह)–डॉ. पूजा द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
एडवोकेट रवि–एडवोकेट अनामिका द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
डॉ. राखी–डॉ. अविनाश शर्मा (पुत्री-दामाद)
राधिका, शिवांश, धवल और आराध्या (पौत्र-पौत्री)



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**सुबह 11.50 बजे** अभिजीत मुहूर्त में पीएम मोदी ने दाएं से बाएं घुमाई मशीन और मंदिर के शीर्ष पर फहराया ध्वज

## प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद हुआ ध्वजारोहण

### 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहरी, पीएम मोदी ने हाथ जोड़े, हुए भावुक

# बोले-अब मानसिक 'गुलामी से मुक्ति' का लक्ष्य कुछ लोगों ने तो राम को भी काल्पनिक बता दिया

मोदी ने 32 मिनट भाषण दिया, सियावर राम चंद्र की जय से संबोधन की शुरुआत की

पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूँज उठा।

क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएं उमंग में बदल गईं। धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूंज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया। सुरक्षा के कड़े इंतज़ामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर ध्वज फहराया।

- देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे
- 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया श्रीराम मंदिर
- रामलला ने सोने और रेशम के धागों से बने पीतांबर वस्त्र धारण किए

## यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए

पीएम ने कहा कि सदियों के घाव भर रहे हैं, सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों से आस्था डिगी नहीं, एक पल भी विश्वास टूटा नहीं। धर्म ध्वजा केवल ध्वजा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। आने वाले सदियों तक यह ध्वज प्रभु राम के आदर्शों का उद्घोष करेगा। यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए।



मंच पर बाएं से महंत नृत्य गोपाल दास, आनंदी बेन, पीएम मोदी, सीएम योगी और आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत

### 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी

पीएम ने कहा कि आज से 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 साल पूरे हो रहे हैं। हमें आने वाले 10 सालों में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करना है।

### भागवत बोले- जिन्होंने प्राण अर्पण किए, अब उनकी आत्मा तृप्त हुई

संघ प्रमुख डॉ.मोहन भागवत ने कहा- राम मंदिर आंदोलन में लोगों ने अपने प्राण अर्पण किए। आज उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। आज वास्तव में अशोक जी को वहां शांति मिली होगी। उन्होंने अपने प्राण अर्पण किए और अपना पसीना बहाया। जो पीछे रहे, वे भी मन में इच्छा करते रहे कि मंदिर बनेगा और आज मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई। ध्वजारोहण हो गया हमने इसे अपनी आंखों से देखा है।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सेलिना ने तलाक के साथ मांगे 50 करोड़



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने मुंबई कोर्ट में अपने पति पीटर हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस फाइल किया है। तलाक के साथ 50 करोड़ मांगे हैं। पीटर हाग पर घरेलू हिंसा, क्रूरता और हेरफेर का आरोप लगाने वाली शिकायत को अंधेरी में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास एससी ताड्ये की कोर्ट में पेश किया गया।

### आईसीसी टी20 विश्व कप 7 फरवरी से



**मुंबई।** अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित हो गया है। 20 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। भारत इस टूर्नामेंट में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। भारत ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी



# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा, देश नहीं करेगा बर्दाश्त

- केंद्र ने अब तक पेश नहीं किया हलफनामा
- पूछा- केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है?
- केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक बड़ा दाग हैं और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा कि हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं।

वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता। लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपना अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा -केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया। अगर रिपोर्ट नहीं दी गई, तो उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश ने बेहद अच्छा काम किया है, हर पुलिस स्टेशन और चौकी को डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से लाइव जोड़ा गया है। इसे बेंच ने काबिल-ए-तारीफ बताया।

### सुप्रीम कोर्ट ने मप्र की तारीफ की

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश ने बेहद अच्छा काम किया है, हर पुलिस स्टेशन और चौकी को डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से लाइव जोड़ा गया है। इसे बेंच ने काबिल-ए-तारीफ बताया।

### सीसीटीवी लगाने के पुराने आदेश और धीमी प्रगति

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 और 2020 में आदेश दिया था कि सभी पुलिस थानों, सीबीआई, ईडी, एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में फुल कवरेज वाले सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाएं। लेकिन कोर्ट को बताया गया कि केवल 11 राज्यों ने ही अब तक अपनी रिपोर्ट दाखिल की है। कई राज्य और केंद्र के कई विभागों ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी। तीन केंद्रीय एजेंसियों में सीसीटीवी लग चुके हैं, लेकिन बाकी अभी भी पीछे हैं।



फाइल फोटो

### अमेरिका की मिसाल और 'ओपन एयर जेल' की चर्चा

मामले की सुनवाई के दौरान बातचीत में अमेरिका के मॉडल का जिक्र आया, वहां सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है और कुछ निजी जेलें भी हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि कुछ समय पहले एक सुझाव आया था कि सीएसआर फंड से प्राइवेट जेल बनाई जाएं। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह पहले से ही ओपन एयर प्रिजन मॉडल पर एक केस देख रहा है, जो भीड़भाड़ की समस्या, जेलों में हिंसा जैसे मुद्दों को कम कर सकता है।

### ...तो, प्रदेश के गृहसचिवों को होना होगा पेश

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया, जो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अभी तक रिपोर्ट नहीं दे पाए हैं, उन्हें तीन हफ्तों में हर हाल में अपनी जानकारी देनी होगी। अगर रिपोर्ट नहीं दी गई, तो उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। केंद्र सरकार से कोर्ट ने कहा कि यदि केंद्रीय एजेंसियों ने पालन नहीं किया तो उनके निदेशक को बुलाया जाएगा। शीर्ष कोर्ट ने पूरे मामले को 16 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। तब तक सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र को अपनी-अपनी रिपोर्ट हर हाल में जमा करनी होगी।

## एसआईआर का ऐसा दबाव

# दो बीएलओ की मौत...गांव में मतदाताओं से प्रपत्र भरवा रहे थे

### किसी अधिकारी का फोन आया और तबीयत बिगड़ी



अनिता नागेश्वर



मनीराम नापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर तहसील अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बांध टोला, संकुल कोटमा में पदस्थ 54 वर्षीय प्राथमिक शिक्षक मनीराम नापित की सोमवार शाम हृदयघात से हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतक शिक्षक चुनाव कार्य के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बीएलओ अपना दायित्व निभा रहे थे। सोमवार शाम वे पतेरिया गांव में मतदाताओं से प्रपत्र भरवा रहे थे, तभी किसी अधिकारी का फोन आया। फोन काटते ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उन्होंने तत्काल अपने बेटे आदित्य नापित को फोन किया। बेटे ने बताया कि वह तत्काल वाहन लेकर मौके पर पहुंचा और पिता को घर लाया लेकिन हालत और बिगड़ने पर वे उन्हें चार पहिया वाहन से मेडिकल कॉलेज ले गए लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं, दूसरी तरफ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जुटी बालाघाट की एक महिला बीएलओ की सोमवार देर रात मौत हो गई। मृतका अनिता नागेश्वर 13 नवंबर से गोंदिया के निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती थीं।

सोमवार रात हालत बिगड़ने पर उन्हें नागपुर रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। बताया गया कि वह पीलिया और टायफाइड से पीड़ित थीं।

### पत्नी बोली- पति काफी दबाव में थे

पत्नी ममता का कहना है कि पति कई दिनों से दबाव में थे, रात-रातभर फॉर्म भरने और डिजिटाइजेशन का काम करना पड़ रहा था। सेहत को देखते हुए अनिता की पुत्री ने अपनी मां के अवकाश का आवेदन दिया था, जिसे स्वीकृत कर लिया गया था। गौर हो कि अब तक मप्र में विभिन्न कारणों से करीब एक दर्जन बीएलओं की मौत हो चुकी है।

### सरकारी फ्लैट में रहती थीं कविता कड़ेला

# विदिशा में तीसरी मंजिल से गिरीं नायब तहसीलदार, मौत

- पुलिस ने पूरा राजस्व परिसर सील किया
- हादसा या आत्महत्या दोनों ही एंगल से पुलिस कर रही जांच



कविता कड़ेला (मृतक)



जिला अस्पताल में उपचार के दौरान ले जाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राजस्व परिसर में अधिकारियों के लिए बनाए गए शासकीय भवन की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर नायब तहसीलदार कविता कड़ेला की मौत हो गई।

पुलिस प्रशासन ने पूरे राजस्व परिसर को सील कर दिया है। पुलिस सुसाइड और हादसा, दोनों ही एंगल से जांच रही है। जानकारी के मुताबिक कविता काड़ले अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल की छत पर थीं, तभी अचानक नीचे गिर गईं। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत जैन ने बताया कि कविता को गंभीर चोटों के साथ लाया गया उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी।

## 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म : रायसेन के गौहरगंज थाने के सामने 3 दिन से प्रदर्शन जारी

दुष्कर्म का आरोपी 4 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

# आरोपी पर इनाम 30 हजार किया, घने जंगल में ड्रोन से सर्चिंग में भी पकड़ में नहीं आ रहा दरिंदा

### रात में कड़ाके की ठंड के बावजूद युवतियां और महिलाएं धरने से नहीं उठीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/औबेदुल्लागंज

रायसेन के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी 4 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपी के एनकाउंटर की मांग को लेकर लोग तीन दिन से गौहरगंज थाने के सामने धरना दे रहे हैं। रात में कड़ाके की ठंड के बावजूद युवतियां और महिलाएं धरने से नहीं उठीं। आरोपी पर इनाम बढ़ाकर 30 हजार रुपए कर दिया है।



गौहरगंज में लोग धरना प्रदर्शन करते हुए

### ▶▶ थाने के सामने प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ी

मंगलवार दोपहर में गौहरगंज थाने के सामने प्रदर्शनकारियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यहां ज्यादातर महिलाएं न्याय की मांग को लेकर बैठी हैं। मंडीदीप अल्पसंख्यक मार्चा के जिला महामंत्री सलमान अली ने कहा कि हमारी तीन टीमें लगातार उस दरिंदे की तलाश में लगी हैं।

### रायसेन से भोपाल तक आरोपी की तलाश

एएसपी कमलेश खरपुसे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जवानों की टीमें तिलेन्डी, अमरथोन, चिकलोद, मुरारी, अंबाई सहित आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। फार्महाउस, खेत के टपरों, पोल्ट्री फार्म और तालाब के आसपास भी सर्चिंग की जा रही है। गौहरगंज के घरों और रास्तों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
नए रिश्तों की शुरूआत, हीरो पे सवार.
HF Deluxe
एक्स-शोरूम कीमत
₹62 938 ₹58 020#
GST लाभ
₹4 918
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
FESTIVE TREATS
Powered by pine labs
+
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू
कैश बोनस ₹2500~ तक
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on:
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Kick in Madhya Pradesh.
TOLL FREE
1800 266 0018
अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, टांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरीः श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोहः इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
सशक्त किसान
समृद्ध मध्यप्रदेश
अन्नदाता को एमएसपी की गारंटी
सोयाबीन भावांतर योजना
अंतर्गत
1.34 लाख
किसानों को
₹249 करोड़
की राशि का अंतरण
इनगोरिया - देपालपुर मार्ग
निर्माण का भूमिपूजन
₹264 करोड़ के
विकास कार्यों का
भूमिपूजन एवं लोकार्पण
अब तक
4.39 लाख किसानों द्वारा
7.85 लाख मीट्रिक टन
सोयाबीन का विक्रय
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
26 नवम्बर, 2025
अपराह्न 1:00 बजे
गौतमपुरा, जिला इंदौर
D-11150/25
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा

# लॉयर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग भवन के लिए बजट आवंटित क्यों नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि जबलपुर में लॉयर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग के लिए भवन निर्माण हेतू अभी तक बजट आवंटित क्यों नहीं किया गया। एक जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने चीफ सेक्रेटरी, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के सचिव, वित्त सचिव एवं लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर इन चीफ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से याचिका दायर कर बताया गया कि उक्त भवन का शिलान्यास 4 मई 2025 को हुआ था। हाईकोर्ट के गेट नंबर-4 के सामने करीब 117 करोड रुपए से आधुनिक लॉयर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस एसी शर्मा, जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और मध्यप्रदेश के तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था।



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि इसे लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने लगातार राज्य सरकार से पत्राचार किया। शासन की ओर से जवाब दिया गया कि 5 मई 2025 को सैद्धांतिक रूप से वित्त की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, केवल व्यावहारिक रूप से वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिस कारण से निर्माण शुरू नहीं हो पाया। तर्क दिया गया कि जब सैद्धांतिक रूप से 6 माह पहले अनुमति मिल चुकी है तो वित्तीय स्वीकृति में देरी क्यों लग रही है। यह मामला जनहित से जुड़ा हुआ है क्योंकि पार्किंग सुविधा नहीं होने से हाई कोर्ट के सामने रोजाना जाम लगता है जिसके चलते राहगीर परेशान होते हैं। मल्टीलेवल पार्किंग बनने से उक्त समस्या से निजात मिलेगी।

## रुपयों के विवाद पर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

जबलपुर । अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की अदालत ने हत्या के आरोपित नरसिंहपुर निवासी गुड्डू ऊर्फ मेर सिंह विश्वकर्मा का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 17 जुलाई, 2023 को बेलखेड़ा थाने को सूचना मिली थी कि बेलखेड़ा, जबलपुर अंतर्गत मनकेड़ी हार छरौआ रोड़ बखरी वाले खेत में बने मकान में कुंजीलाल नामक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। लिहाजा, पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां देखा कि कुंजीलाल कमरे में खटिया पर खून से लथपथ पड़ा है। दीवारों व फर्श पर खून के छींटे थे। कुंजीलाल के गले में तीन-चार बड़े-बड़े घाव थे। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी। पतासाजी में हत्याकांड सामने आया। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित गुड्डू ऊर्फ मेर सिंह विश्वकर्मा का पैसों को लेकर कुंजीलाल से विवाद हुआ था। इसी दौरान उसने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी।

## विवाद : कांग्रेस आज भाजपा नगर अध्यक्ष को संविधान भेंट करेगी

# महासम्मेलन में किताबें फाड़ने पर सियासत गरमाई

**जबलपुर।** शहर के मानस भवन में रविवार को आयोजित सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक जन चेतना महासम्मेलन में हुए हंगामे के बाद मामला गरमाता जा रहा है। एक तरफ कांग्रेस द्वारा संविधान की किताब फाड़े जाने का आरोप लगाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर हिन्दू संगठनों द्वारा एसपी आफिस का घेराव कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इसी बीच आज 26 नवंबर को संविधान दिवस पर शहर कांग्रेस द्वारा भाजपा के नगर अध्यक्ष को संविधान की कापी भेट की जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि गत रविवार को मानस भवन में कुशवाहा जन जागृति एवं विकास समिति एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन में कुछ युवक अचानक कार्यक्रम स्थल में घुस आए और मंच की ओर बढ़ते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां करने लगे। आरोप है कि उन्होंने मंच पर मौजूद वक्ताओं के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया और पास ही लगे बुक स्टॉल पर रखी पुस्तकों को फाड़ दिया।

इस घटना के बाद कार्यक्रम में मौजूद लोग भड़क उठे और आक्रोशित भीड़ ने हंगामा कर रहे युवकों की जमकर पिटाई कर दी थी, उसके बाद हिन्दू संगठन ने हिन्दू धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी वाली किताबे बेचे जाने का आरोप लगाते हुए एसपी आफिस का घेराव कर आयोजकों पर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस अपनी जांच कर रही है, लेकिन मामला राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने आरोप लगाया है कि मानस भवन में हुए सामाजिक चेतना कार्यक्रम के दौरान भाजपा से जुड़े संगठन के कार्यकर्ताओं ने संविधान की किताबे फाड़ी। इसके बावजूद विडंबना यह है कि संविधान फाड़ने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन संविधान की किताब का स्टाल लगाकर बाँटने वाले आम नागरिक से पुलिस लायसेंस मांग रही है।

उन्होंने सवाल उठाया कि संविधान फाड़ने का लायसेंस किसने दिया या फिर लायसेंस सिर्फ उन्हें चाहिए जो संविधान पढ़ते, समझते और जनता में बाँटते हैं। उन्होंने कहा कि हम बाबा साहेब के अनुयायी हैं—संविधान पढ़ने, समझने और समाज में फैलाने के लिए किसी के लायसेंस के मोहताज नहीं!

इसी संदेश के साथ संविधान दिवस पर आज कांग्रेस, भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर को शाम 4 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में संविधान की प्रति भेंट की जाएगी।

## 1885 सीटर ऑडिटोरियम और ई-लाइब्रेरी की सुविधा

# संस्कारधानी में शीघ्र खुलेगा अत्याधुनिक गीता भवन



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार संस्कारधानी के नागरिकों को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। घंटाघर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में अत्याधुनिक गीता भवन का संचालन किया जाएगा। मंगलवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने तकनीकी अधिकारियों के साथ कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेन्द्र चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री कविश मिश्रा, अर्पित नेमा, तकनीकी अधिकारी बलेंदु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर और निगमायुक्त ने बताया कि गीता भवन में कुल 1885 सीटर ऑडिटोरियम होंगे, जिनमें 885 सीटर वाला मुख्य ऑडिटोरियम, 500, 300 और 200 सीटर के अन्य तीन ऑडिटोरियम शामिल हैं। इसके साथ ही छात्रों के लिए पुस्तकालय और ई-लाइब्रेरी, आकर्षक गैलरी और व्यावसायिक क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। इस भवन से छात्र-छात्राओं के अध्ययन के साथ-साथ अध्यात्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान महापौर और निगमायुक्त ने अधिकारियों को तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## रेल परिचालन में फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग

**जबलपुर।** सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे में कोहरे के दौरान फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। इससे ट्रेन सेवाओं की विश्वसनीयता में सुधार, देरी को कम करने और समग्र यात्री सुरक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। पमरे के तीनों मण्डलों में जिसमें जबलपुर मण्डल में 554 एफएसडी, भोपाल मण्डल में 341 एफएसडी एवं कोटा मण्डल में 455 एफएसडी सहित कुल 1350 फॉग पास डिवाइस स्थापित कर शत-प्रतिशत उपयोग किया जा रहा है। फॉग सेफ्टी डिवाइस एक जीपीएस आधारित नेविगेशन डिवाइस है, जो लोको पायलट को घने कोहरे की स्थिति में ट्रेन चलाने में मदद करता है। यह लोको पायलटों को सिग्नल, लेवल क्रॉसिंग गेट (मानवयुक्त और मानव रहित), स्थायी गति प्रतिबंध, तटस्थ खंड आदि जैसे निश्चित स्थलों के बारे में ऑन-बोर्ड वास्तविक समय की जानकारी (प्रदर्शन के साथ-साथ आवाज मार्गदर्शन) प्रदान करता है।

निगमायुक्त ने रानीताल लीगेसी वेस्ट साइट पर प्रस्तावित 'सिटी पार्क अर्बन फॉरेस्ट' का किया निरीक्षण

# शहर को मिलेगी हरियाली की सौगात

**जबलपुर।** शहरवासियों के लिए एक बड़ा और सुंदर सिटी पार्क अर्बन फॉरेस्ट मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। नगर निगम के निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज रानीताल लीगेसी वेस्ट साइट का अधिकारियों के साथ गहन निरीक्षण किया। 18 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित इस पार्क का उद्देश्य पुराने कूड़े के ढेर को हटाकर एक विशाल और हरित स्थल बनाना है। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने परियोजना के सभी पहलुओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य तेजी से और गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जाए।

### 18 एकड़ भूमि का होगा कायाकल्प

रानीताल लीगेसी वेस्ट साइट पर पड़े कचरे का सफलतापूर्वक उपचार कर भूमि को समतल किया जा चुका है। इसी भूमि पर सिटी पार्क अर्बन फॉरेस्ट का विकास प्रस्तावित है। पार्क को रानीताल तालाब से जोड़ा जाएगा, जिससे यह एक एकीकृत और आकर्षक मनोरंजक स्थल बन सके।

### प्रस्तावित पार्क की प्रमुख विशेषताएं




- बच्चों के लिए: सुरक्षित और आधुनिक खेल क्षेत्र।
- बुजुर्गों के लिए: ध्यान और योग केंद्र।
- स्वास्थ्य और वॉकिंग: सुव्यवस्थित पाथवे।
- आकर्षण का केंद्र: तालाब में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और कैफे।
- निरीक्षण के समय अपर आयुक्त अरविन्द शाह, देवेन्द्र चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री कविश मिश्रा, अर्पित नेमा, तकनीकी अधिकारी बलेन्दू शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह पार्क न केवल हरियाली में, बल्कि सुविधाओं और सौंदर्य के दृष्टिकोण से भी जबलपुर का विशिष्ट स्थल बनेगा।

# एसआईआर : 63 फीसदी गणना पत्रकों का हुआ डिजिटाइजेशन

**जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत जिले में मतदाताओं से प्राप्त गणना प्रपत्रों में से 62.91 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है। जिले में अभी तक 12 लाख 11 हजार 238 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 25 हजार 472 है।

मंगलवार की शाम 8 बजे की रिपोर्ट के अनुसार 75.80 प्रतिशत गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन के साथ पाटन विधानसभा जिले की आठो विधानसभा क्षेत्रों में पहले स्थान पर है। मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र सिहोरा 75.18 फीसदी के साथ दूसरे तथा विधानसभा क्षेत्र बरगी 74.32 फीसदी गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन के साथ जिले में तीसरे स्थान पर है। गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र पनागर 66.17 फीसदी के साथ चौथे, विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर 55.38 फीसदी के साथ पांचवे, विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट 54.03 के साथ छटवें, विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम 50.42 फीसदी के साथ सातवें तथा विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व 48.87 फीसदी गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन के साथ आठवें स्थान पर है।

# कृषि उपज मंडी में 30 नवम्बर से मटर लेकर आने वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक

**जबलपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने मनमोहन नगर दमोह नाका स्थित जबलपुर कृषि उपज मंडी में 30 नवम्बर से मटर लेकर आने वाले लोडर वाहन ट्रैक्टर-ट्रॉली, लारी, चार पहिया एवं भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही इस कृषि उपज मंडी प्रांगण से हरे मटर के थोक क्रय एवं विक्रय को भी 30 नवम्बर से प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा व्यापक जनहित को देखते हुए तथा नागरिकों को ट्राफिक जाम एवं आवागमन में अवरोध जैसी समस्या से निजात दिलाने के लिए जारी किये गये इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि हरे मटर का थोक में क्रय-विक्रय एक दिसम्बर से जबलपुर कृषि उपज मंडी प्रांगण के स्थान पर ओरिया एवं करमेता स्थित नवीन मंडी प्रांगण से ही किया जा सकेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश में कृषि उपज मंडी प्रांगण तथा ओरिया स्थित नवीन मंडी प्रांगण में धरना, विरोध प्रदर्शन, बंद प्रदर्शन, चक्का जाम एवं अन्य ऐसी सभी गतिविधियों को भी प्रतिबंधित किया गया है जिनसे किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो सकती हो। पुलिस अधीक्षक एवं प्रशासक कृषि उपज मंडी जबलपुर के प्रतिवेदन के आधार पर जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी यह प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि केवल विशेष परिस्थितियों में ही मंडी सचिव, मंडी प्रशासक एवं एसडीएम की लिखित अनुमति से वाहन जबलपुर कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रवेश कर सकेंगे।

- कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश
- एक दिसम्बर से नई मंडी से शुरू होगा मटर का क्रय-विक्रय

## जबलपुर के साथ एक और अन्याय

# प्रदेश में सिर्फ जबलपुर को राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट हब में डाउनग्रेड किया

**जबलपुर।** जबलपुर के साथ एक और अन्याय किया गया। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के कारण यह अन्याय भविष्य में समस्या बनेगा। क्योंकि जबलपुर वालों को फिर प्रदेश के अन्य राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट हब पर निर्भर रहना पड़ेगा। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि केंद्रीय संचार मंत्रालय ने 20 नवंबर को आदेश जारी कर भविष्य की मेल तथा पार्सल योजना में जबलपुर को राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट हब के श्रेणी से डाउनग्रेड कर दिया है। यह आदेश 24 नवंबर से ही लागू हो गया है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक संघ, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेल्फेयर एसोसिएशन, पेंशनर समाज, आदि जन संगठनों ने इस आदेश से जबलपुर के साथ अन्याय तथा भेदभाव हुआ है, यह बताकर प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर हस्तक्षेप करने की मांग की है।

वर्तमान में पोस्टल विभाग के रेलवे मेल सर्विसेस के मप्र सर्कल में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर तथा जबलपुर ऐसे 4 नेशनल स्पीड पोस्ट कार्यरत थे। किन्तु इनमें से केवल जबलपुर को डाउनग्रेड कर उसे नीचे के श्रेणी में रखा गया है। नतीजन जबलपुर केवल सीमित कार्य करेगा, तथा उसे अब अन्य राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट हब पर निर्भर रहना पड़ेगा। सांसदों को तत्काल हस्तक्षेप कर जबलपुर का कद घटाने पर आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

## हाईकोर्ट ने पूछा

# राष्ट्रीय स्तर की शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता से क्यों अलग किया नाम

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि याचिकाकर्ता का नाम राष्ट्रीय स्तर की शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता से अलग क्यों किया गया। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने 26 नवंबर तक सरकार को जवाब पेश करने कहा है। मामले पर बुधवार को पुनः सुनवाई होगी। जबलपुर निवासी 12वीं की छात्रा अनुष्का पटेल की ओर से अधिवक्ता अनुज सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता में संभाग स्तर याचिकाकर्ता 3 हजार मीटर, 15 सौ मीटर और क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में क्रॉस कंट्री में चौथा स्थान प्राप्त किया था। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में क्रॉस कंट्री में पहले से छठवां स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी का चयन होता है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 30 नवंबर तक हरियाणा में होनी है। दलील दी गई कि सरकार ने 19 नवंबर को याचिकाकर्ता को एक पत्र भेजकर यह कहा कि चयन में संशोधन किया है। इसके तहत सातवां स्थान पाने वाले प्रतियोगी का चयन कर दिया गया और याचिकाकर्ता को हटाने का कारण भी नहीं बताया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाजारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेबरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साई आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता-रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया 350 वां शताब्दी शहीदी दिवस समारोह**

# गुरु तेग बहादुर की शहादत ने आजादी का शंखनाद किया

**जबलपुर।** सनातन संस्कृति, धर्म और मानवता के अधिकारों की रक्षा के लिए महान शहादत देने वाले सिख धर्म के नवमें गुरु गुरु तेग बहादुर महाराज का पवित्र 350 वां शताब्दी शहीदी दिवस समारोह आज गुरुद्वारा प्रेमनगर मैदान में अपूर्व उल्लास आस्था, विश्वास और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध रागी जत्था भाई सहज दीप सिंह, दिल्ली,ने जहां सरस गुरुवाणी शबद कीर्तन , "गुरु तेग बहादुर के चलत भयो जगत को सोग, है है है सभ जग भया जै जै जै सुर लोक" पेश कर गुरुजी का यश अर्चन किया वहीं विद्वान इतिहासविद और गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी सरबजीत सिंह धुंदा, पंजाब ने महाकवि सेन की काव्य रचना "सकल सृष्टि पे ढांकी चादर प्रकट भए गुरु तेग बहादुर" को उद्धृत कर कहा कि गुरु तेग बहादुर ने सैकड़ों वर्षों तक भारत को गुलाम बनाने वाले आक्रांताओं के जुल्म से सनातन संस्कृति धर्म तथा गौ गरीब की रक्षार्थ अपना महान बलिदान देकर भारतीय इतिहास को नई दिशा दी और देशवासियों में आजादी की अलख जगा दी। सेनाओं का गठन कर गुरु के खालसा ने युद्ध के मैदान में दुश्मन को करारी शिकस्त देकर विजयी अभियान का शंखनाद किया। उन्होंने आगे कहा कि गुरुजी का आंदोलन किसी जाति या धर्म के खिलाफ न होकर अत्याचारी हुकूमत के खिलाफ था । यही वजह है कि बड़ी संख्या में मुस्लिम पीर फकीर और विद्वान भी गुरुघर के अनन्य मुरीद रहे । अकाल अकादमी बड़ू साहिब हिमाचल प्रदेश के रागी जत्थे के उत्साही नौजवानों ने वीर रस से ओतप्रोत नज्में और विरोचित वारें पेश कर युद्ध के जीवंत नजारे



उपस्थित कर दिए। गुरु का लंगर दिनभर वितरित किया गया। इस दौरान जहां डा. लखबिंदर कौर के काव्य संग्रह मानवता के रक्षक गुरु तेग बहादुर का विमोचन हुआ वहीं, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, काके आनंद, अजीत सिंह नैयर सीटू, डा. आशुतोष दुबे, सह संघ चालक अनिरुद्ध कौरवार सहित विभिन्न सेवादारों और जन प्रतिनिधियों को शाल एवं सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया गया । सिख नारी मंच द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। डा. अमरजीत कौर टग्गर ने सुजोक थैरेपी से मरीजों का उपचार किया। आयोजक सिख सेवक जत्था के अध्यक्ष मनमोहन सिंह सलूजा ने बताया कि शताब्दी शहीदी वर्ष में 350 पौधों से वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर लगाकर 350 यूनिट रक्त का संग्रह किया तथा शताब्दी राष्ट्रीय यात्रा नगर कीर्तन एवं सेमिनार और मैराथन मानवाधिकार दौड़ जैसे आयोजनों से गुरुजी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रातः 6 बजे आसा दी वार के विशेष कीर्तन दरबार से समारोह आरम्भ हुआ पश्चात अमृत संचार में 14 प्राणियों ने अमृतपान कर गुरु दीक्षा ग्रहण की । आयोजक सिख सेवक जत्थे के अध्यक्ष मनमोहन सिंह सलूजा, गजेंद्र सिंह बांगा, अमरजीत सिंह तलूजा , महिंदर सिंह खनूजा,मनप्रीत सिंह आहूजा, परमजीत सिंह छावड़ा, रविंदर सिंह दुआ, अवतार सिंह बांगा, रविंदर सिंह चाना, जगजीत सिंह आहूजा, फुलवीर सिंह एवविभिन्न सेवादारों एवं नगर के सिख समाज का विशेष योगदान रहा। दूसरी तरफ नगर के विभिन्न गुरुद्वारों में सत्संग सभाओं और भक्तजनों ने नवमा महला के 57 श्लोकों की पवित्र गुरुवाणी का समवेत स्वरों में समूहगान के साथ शहीदी दिवस समारोह का दिव्य आगाज किया । भोर बेला में प्रभात फेरियां निकाली गई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र 350 सहज पाठों का सामूहिक समापन किया गया।

**श्री शिव समाराधन महायज्ञ का हुआ समापन**

# प्रसंग के बीच में बोलने से सब बिगड़ जाता है इसलिए मौन रहना चाहिए : श्री गिरि बापु जी

हरिभूमि जबलपुर।

घड़ी चौक विजय नगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में 17 नवंबर से चल रही नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ श्री शिव महापुराण कथा मंगलवार को दोपहर में समापन हो गया। अंतिम दिन कथा वाचक गिरि बापू महाराज ने कथा का वृतांत का वर्णन करते हुए कहा कि महादेव से देवताओं ने कहा तारकासुर का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है स्पर्श सप्त ऋषि और देवताओं से महादेव बोले पार्वती जी को आप आशीर्वाद दीजिए समय आने पर मैं पार्वती से विवाह कर लूंगा उसके बाद सुंदर लीला रचते हुए भगवान महादेव नटराज के रूप में हिमालय पहुंचे और हिमालय को नृत्य से प्रभावित कर दिया। शिवाजी कि इस नट लीला को देखकर पार्वती जी समझ गई कि यह स्वयं महादेव हैं नटराज नहीं शुभ रात का अनुपम वर्णन करते हुए गिरी बापू ने बताया प्रसंग के बीच में बोलने से सब बिगड़ जाता है। इसलिए संकल्प लें की



ज्यादा से ज्यादा मौन रहे । सबसे खतरनाक बातें प्रवचन करना है प्रवचन में हजार शब्द अच्छे और एक शब्द खराब बोल दिया जाए तो सब कुछ खराब हो जाता है बारात का वर्णन करते हुए गिरी बापू ने बताया की पार्वती जी की मां नैना ने जब बारात में महादेव को दूल्हा के रूप में देखने के लिए आई तो पहली बार में सूर्य पुंज के कारण वह उनका चेहरा नहीं देख सकी उसके बाद वह फिर उनका चेहरा देखने के लिए बढ़ती है तो महादेव की लीला के चलते उन्हें उनका चेहरा कुरूप की तरह दिखता है लेकिन बाकी सभी को महादेव बहुत सुंदर दर्शन देते हैं इसलिए महादेव को लीलाधर भी कहा जाता है। जो महादेव को समर्पित होते हैं उसे कोई भी ग्रह पीड़ा नहीं हो सकती है। जीव ही सृष्टि का आधार जगत का संचालन करते हैं।

### नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने आव्हान

स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने कथा समापन के अवसर पर कहा नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए जनमानस को आव्हान किया। उन्होंने जिला प्रशासन और जनता से अपील है कि नर्मदा में मिलने वाली गंदगी को रोका जाए और नर्मदा का संरक्षण किया जाए।

### इन्होंने किया पूजन

कथा में श्री शिव महापुराण कथा समिति के मुख्य समायोजक स्वामी महेंद्रानंद महाराज एवं सुरेन्द्रानंद महाराज, चंदकिरण महंत दयानंद गिरि जनपद अध्यक्ष ने गिरि बापू का माल्यापर्ण कर स्वागत किया। कथा स्थल पर पोथी का पूजन मुख्य यजमान पं. देवेन्द्र पचौरी, अर्चना पचौरी, यज्ञ मुख्य यजमान पं. जितेन्द्र पचौरी, मुक्तेस्वरी पचौरी, कार्यवाहक समायोजक चित्रा देवी माहेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित राममूर्ति मिश्रा, बाबू नवनीत माहेश्वरी ने पूजन किया। कथा समापन के बाद महाआरती की गई। इसके बाद प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया।

**तेजी से चल रहा मतदाता पुनरीक्षण का कार्य**

# सिहोरा विधानसभा ज़िले में पहले पायदान पर पहुंचने अग्रसर

**सिहोरा विधानसभा**
**कुल मतदाता- 230294**
**मतदान केंन्द्र- 282**

**सिहोरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदशन तथा सिहोरा ई आर ओ के नेतृत्व में सिहोरा विधान सभा में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) सुचारु रुप से जारी है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम तक विधानसभा में डिजिटाइजेशन का 72.3 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रक एकीकरण,संकलन एवं डिजीटाईजेशन का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। एस आई आर कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने 282 मतदान केन्द्रों में तैनात प्रत्येक वी एल ओ के साथ एक से दो सहायक तैनात किये गये है। मंगलवार की शाम तक सिहोरा विधान सभा क्षेत्र के कुल 230294 मतदाताओं में से 166525 मतदाता की जानकारी अपलोड कर लगभग 72.3 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। इस तरह प्रतीत होता है कि सिहोरा विधानसभा बहुत जल्द जबलपुर जिले में प्रथम स्थान पर आ जायेगा जो अभी दुसरे नम्बर पर है।

सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र- सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र के कुल 37 मतदान केन्द्रों के 33870 मतदाता में से 19104 अर्थात 56.4 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है।

बार कोड नहीं हो रहा स्केन- मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे अनेक बीएलओ ने बताया कि बहुत से मतदाता वाले फार्म ऐसे हैं जिनमें बार कोड स्केन नहीं हो रहा तथा जिन महिलाओं को मायके से 2003 की जानकारी लाकर देना है उसमें भी विलम्ब हो रहा है। बाकी इस कार्य में सभी लोग सहयोग कर रहे हैं जिससे शुरुआत में कुछ परेशानी गई पर अब कार्य तेजी से और सुचारू रुप से चल रहा है और सभी का प्रयास है कि समय के पहले इस कार्य को पूर्ण कर लें।

विधानसभा के 26 बीएलओ सम्मानित- 26 बीएलओ ने किया अपने बूथ के शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत अभी तक सिहोरा विधानसभा के 26 बीएलओ ने अपने मतदान केन्द्र के शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया है।

## पमरे के माल लदान राजस्व में वृद्धि

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के वाणिज्य, परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक गुड्स ट्रैफिक में 31.47 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और 3214 करोड़ 35 लाख रूपये राजस्व अर्जित किया है। इसी अवधि में गत वर्ष से तुलना करे तो गुड्स ट्रैफिक में 07 प्रतिशत फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व में 09 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**350वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित**

## गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक

**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली में सिख परम्परा के नौवें गुरू श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं पुण्यतिथि पर शहीदी दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, प्राध्यापकगण तथा छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।



कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भजनलाल परधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी मानवता के सच्चे रक्षक और त्याग व धर्मनिष्ठा के प्रतीक थे। उनका जीवन सादगी, ध्यान और वैराग्य से ओत-प्रोत था, जिससे मानवता को सत्य, साहस और त्याग का संदेश मिलता है। राजनीति विज्ञान की विद्वान डॉ. अभिलाषा दुबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के काल में मुगलों द्वारा बड़े पैमाने पर जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। ऐसे कठिन समय में गुरु तेग बहादुर जी ने निडर होकर धर्म परिवर्तन का विरोध किया और अंततः चांदनी चौक में शहीद होकर धर्म, मानवता और विचारों की स्वतंत्रता की रक्षा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भरतेश भारिल्ल, डॉ. शालिनी यादव, अन्य शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई

**महगवां, मझौली।** आदिवासी समाज बाहुल्य ग्राम महगवां स्थित शासकीय प्राथमिक शाला, सुधाकर कॉलोनी में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था एवं काशी ग्राम विकास समिति के सहयोग से किया गया।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकिशोर अवस्थी के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, सामाजिक जागरण, तथा सनातन संस्कृति के प्रति सम्मान जैसे संदेशों को नारों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया गया। रैली में बच्चों ने बिरसा मुंडा के आदर्शों और बलिदान को उत्साह के साथ प्रस्तुत किया।

## कलेक्ट्रेट में ब्राह्मण समाज का विरोध प्रदर्शन आज

**जबलपुर।** विवादित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के हालिया बयान के विरोध में समस्त ब्राह्मण समाज, जबलपुर की ओर से बुधवार दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। समाज के प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर वर्मा के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तथा उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि संबंधित बयान से धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं, जिसके चलते यह विरोध दर्ज कराया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के बंधुओं, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग से उपस्थिति का आह्वान किया गया है। आयोजन से जुड़े डॉ. विजयकांत तिवारी, प्रदेश महासचिव, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद (मध्यप्रदेश) ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें प्रशासन तक पहुँचाई जाएंगी।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर

**बरेला।** ग्राम पंचायत शारदा नगर रिछाई में बूथ क्रमांक 301 में 72 प्रतिशत एवं 302 में 80,29 प्रतिशत एस आर आई की विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य बी एल ओ सुपरवाइजर राजकुमार बैरागी, बी एल ओ श्रीमती रेनू वाला, बी एल ओ राजकुमारी बडकरे, सहायक शिक्षक अलका दुबे, सरपंच आशीष शुक्ला, राकेश झारिया, दाल चंद विश्वकर्मा, सचिव सौरभ सुल्लेरे, सन्तोष यादव, कोटवार नरेश झारिया एवं समस्त टीम के द्वारा मतदाता सूची का कार्य तत्परता से किया जा रहा है।

### निधन

**श्रीमती रमा बाई चौहान-** श्याम नगर कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री रामदास चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती रमा बाई चौहान (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मंजू पाल-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री केदारनाथ पाल की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू पाल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश ढगे-** रायल सिटी लम्हेटा घाट रोड निवासी श्री रमेश ढगे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ज्योति पाठक-** पश्चिमी घमापुर शीतलामाई निवासी श्री दिलीप कुमार पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति पाठक (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई शुक्ला-** करमचंद चौक के पास शुक्ला बाड़ा निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई शुक्ला (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ललित चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री लेखराम चौधरी के पुत्र श्री ललित चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रमा गौरी शाह-** सुखसागर वैली गौरीघाट रोड निवासी गोल बाजार वाले श्री शशिकांत शाह की धर्मपत्नी श्रीमती रमा गौरी शाह (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित गोंटिया-** मदनमहल आमनपुर कुलियाना मोहल्ला निवासी श्री नंदू गोंटिया के पुत्र श्री रोहित गोंटिया (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास कोरी-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री भगवान दास कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप जांगड़े-** बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी श्री दिलीप जांगड़े (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या बाई-** ठक्कर ग्राम निवासी श्री राम सुभग की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय-** पुस्तक गली गंजीपुरा निवासी श्री विजय (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमन रामटेके-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री दिगम्बर रामटेके की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन रामटेके (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम राजपूत-** लालमाटी पिंटू लाइट हाउस के पास निवासी श्री विजय सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम राजपूत (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश चौबे-** गढ़ा पुरवा बाह्मण मोहल्ला निवासी श्री रमेश चौबे (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई कुशवाहा-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री गया प्रसाद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई कुशवाहा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश पिल्ले-** मंदिर घाट कजरवारा निवासी श्री सुरेश पिल्ले (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बर्मन-** घमापुर थाने के पास कांचघर निवासी श्री राजेश बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बर्मन (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. वर्षा साहू-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री जगदीश प्रसाद साहू की पुत्री कु. वर्षा साहू (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवी प्रसाद मलिक-** मछो वाला कम्पाउंड नेपियर टाउन निवासी श्री देवी प्रसाद मलिक (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्योति काछी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री हीरा लाल काछी की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति काछी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक कुमार जाट-** पूर्वी बेलबाग निवासी श्री दीपक कुमार जाट (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति कॉलम से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं GURPREET SINGH GUJRAL पिता VAVINDER SINGH GUJRAL निवासी- म नं. 2604/1, आजाद नगर थाना रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट K 4895228 में GURPREET SINGH लिखा है, जिसे मैने बदलकर GURPREET SINGH GUJRAL कर लिया है। अतः मुझे GURPREET SINGH GUJRAL के नाम से जाना-पहचाना व पढ़ा-लिखा जावे।

पूर्व का नाम
GURPREET SINGH
परिवर्तित नाम
GURPREET SINGH GUJRAL

CY-052709

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOW AS **RIAZ** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **RIAZ HUSSAIN** S/O ZAMIN ALI HUSSAIN RESIDENT OF-299, LOKMANYA TILIAK WARD, NEAR JAMA MASJID ANDHER DEV, JABALPUR (M.P.) 482001.

77AA594361

**CHANGE OF DOB & NAME**

I, Army No 15724119F Rank Nk Name GORAPARTHI SATHISH of 1 TTR, 1 STC, Jabalpur (M.P) Aadhar card No 4437 3831 4059 do here by solemnly affirm and declare that my father name GORAPARTHI VENKATARAMANA Date of birth is 01 JAN 1969 which is true and correct but in my army service records my father name GORAPARTHI RAMANA and date of birth is recorded 04 SEP 1970 which is incorrect. I state that the true and correct name of my father GORAPARTHI VENKATARAMANA and date of birth 01/09/1969 as per Aadhar card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide affidavit No.BV 738104 dated 21 Aug 2025 before Notary, Jabalpur M.P.

Incorrect Name & DOB
GORAPARTHI RAMANA & 04/09/1970
Correct Name & DOB
GORAPARTHI VENKATARAMANA & 01/01/1969

**CHANGE OF DOB & NAME**

I, Army No 15724119F Rank Nk Name GORAPARTHI SATHISH of 1 TTR, 1 STC, Jabalpur (M.P) Aadhar card No 4437 3831 4059 do here by solemnly affirm and declare that my mother name GORAPARTHI ANATHALAKSHMI and Date of birth is 01 JAN 1975 which is true and correct but in my army service records my mother name GORAPARTHI ANANTHA LAKSHMI and date of birth is recorded 01 JAN 1971 which is incorrect. I state that the true and correct name of my mother GORAPARTHI ANATHALAKSHMI and date of birth 01/01/1975 as per Aadhar card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide affidavit No.BV 738103 dated 21 Aug 2025 before Notary, Jabalpur M.P.

Incorrect Name & DOB
GORAPARTHI ANANTHA LAKSHMI & 01/01/1971
Correct Name & DOB
GORAPARTHI ANATHALAKSHMI & 01/01/1975

**नाम सुधार सूचना**

मैं सुनील कुमार जैन (SUNIL KUMAR JAIN) पिता स्व. श्री पूरन चंद जैन निवासी मकान नंबर 575, मेन रोड, गढ़ाफाटक, जवाहरगंज वार्ड, जबलपुर का स्थाई निवासी हूँ। यह कि मेरा वास्तविक नाम सुनील कुमार जैन है जो कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 8282 60092455 एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक AENPJ0239H में दर्ज है। मेरी अंकसूची में मेरा घरेलू नाम "सुरेन्द्र कुमार जैन दर्ज है। परंतु मेरी अंकसूची एवं मेरे अन्य दस्तावेजों में उपरोक्तानुसार अलग अलग नाम दर्ज हैं। मेरा नाम पूर्व में सुरेन्द्र कुमार जैन था, अब मेरा नाम सुनील कुमार जैन हो गया है, सुनील कुमार जैन एवं सुरेन्द्र कुमार जैन मुझ एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं। चूंकि अंकसूची के अलावा मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम सुनील कुमार जैन दर्ज है, अतः मुझे "सुनील कुमार जैन" के नाम से जाना पहचाना जावे, इसी आशय के स्पष्टीकरण हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

CN451312

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/173
दिनांक:- 25/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती नीना ग्लोरिया सॉलोमन पति श्री प्रवीण चंद्र करूनाकर (2) श्री आशीष डेविड सॉलोमन पिता श्री पी. सी. के. सॉलोमन (3) श्रीमती सिन्थिया सॉलोमन पति श्री आशीष डेविड सॉलोमन ने मकान नं.-1582/टीएफ-12 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 100 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/175
दिनांक:- 25/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री सुरेश कुमार गुप्ता (2) श्री मुकेश कुमार गुप्ता दोनों के पिता स्व. श्री रामनारायण गुप्ता ने मकान नं.-678 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1300+1300 व.फु.,प्रथमतल 1300+1300 व.फु.,द्वितीय तल 560+240+1300 व.फु. शपथपत्र / मृत्यू प्रमाणपत्र/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/176
दिनांक:- 25/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चंद्रप्रभा जैन पति श्री प्रमोद जैन ने मकान नं.-304/टीएफ/एफ-6 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीयतल 900 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/177
दिनांक:- 25/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रफीक अहमद पिता श्री कमाल अहमद ने मकान नं. शिवहरि अपा. वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान द्वितीयतल 1050 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/174
दिनांक:- 25/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री बाबूलाल मिश्रा ने मकान नं.-883 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 346 + 282 + 256 = 884 व.फु. शपथपत्र /वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप




### एईआईएम रायपुर सुविधा केंद्र में निवेश बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एईआईएम ने कहा कि वह वर्ष 2030 तक रायपुर में मौजूद अपनी सुविधा केंद्र में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि उसे छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में कोसला इंडस्ट्रियल पार्क में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) से अपनी सेमीकंडक्टर सामग्री विनिर्माण सुविधा केंद्र लगाने के लिए 11.28 एकड़ प्रमुख औद्योगिक जमीन दी गई है।

### देश की 93 फीसदी कंपनियों का एआई पर भरोसा बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों में कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर भरोसा लगातार बढ़ रहा है और 93 प्रतिशत संगठनों को एआई निवेश



से तीन साल से कम समय में सकारात्मक रिटर्न मिलने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। जर्मन सॉफ्टवेयर एवं व्यवसाय समाधान प्रदाता एसएपी (सैप) की 'वैल्यू ऑफ एआई रिपोर्ट 2025'' को ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स के साथ मिलकर तैयार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कंपनियां वर्ष 2025 में एआई पर औसतन 3.1 करोड़ डॉलर खर्च कर रही हैं।

### सेबी ने फ्रैक्टल, अमागी मीडिया के निर्गम को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान प्रदाता फ्रैक्टल एनालिटिक्स, सॉफ्टवेयर सेवा कंपनी अमागी मीडिया लैब्स और



स्टेंट विनिर्माता सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर डाले गए दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई। सेबी ने 17-18 नवंबर को आईपीओ लाने की मंजूरी देने वाले अपनी टिप्पणी रखीं।

### यात्रा ऑनलाइन के सिद्धार्थ गुप्ता बने सीईओ

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा कंपनी 'यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड' ने मंगलवार को अपने नेतृत्व में बदलाव की घोषणा की। इसके तहत कंपनी ने सह-संस्थापक और



मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव श्रृंगी को निदेशक मंडल में कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है। यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने सिद्धार्थ गुप्ता को 25 नवंबर से अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की भी घोषणा की।

### एक्सेल ने गूगल एआई फ्यूचर्स से हाथ मिलाया



**नई दिल्ली।** वैश्विक उद्यम कंपनी एक्सेल ने गूगल एआई फ्यूचर्स फंड (एआईएफएफ) के जरिये गूगल के साथ भागीदारी की है। यह भागीदारी उसके एटम्स कार्यक्रम के तहत 2026 एआई कोहोर्ट को पेश करने के लिए की गई है। इस गठजोड़ के तहत एक्सेल और गूगल भारत में फ्रंटियर एआई कंपनियां बनाने वाले संस्थापकों में सह-निवेश करेंगी। एक बयान के मुताबिक, इसे भारत और दुनिया के लिए एआई कंपनियां बनाने वाले भारतीय प्रवासी संस्थापकों तक भी बढ़ाया जाएगा।

# 22 साल बाद टाटा की 'सिएरा' लांच, शुरूआती कीमत 11.49 लाख से शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपनी आइकॉनिक एसयूवी सिएरा को एक बार फिर नए मॉडर्न और हाई-टेक अवतार में लांच कर दिया। 2025 टाटा सिएरा न सिर्फ भविष्य की डिजाइन भाषा दिखाती है, बल्कि इसमें ऐसे फीचर्स भी दिए गए हैं, जो टाटा हैरियर से एक कदम आगे हैं। आकर्षक लुक और दमदार इंजन से लैस इस एसयूवी की शुरुआती कीमत 11.49 लाख रुपए, (एक्स-शोरूम) तय की गई है।

कंपनी ने इसे इंट्रोडक्ट्री प्राइस के साथ लांच किया है, यानी भविष्य में इसकी कीमत में इजाफा होगा। कंपनी का कहना है कि, इसकी बुकिंग आगामी 16 दिसंबर से शुरू होंगी और एसयूवी की डिलीवरी 15 जनवरी 2026 से शुरू की जाएगी।

## टाटा मोटर्स अपनी आइकॉनिक एसयूवी सिएरा 15 जनवरी 2026 से करेगी डिलेवर

### पहले की सिएरा के लिए देश तैयार नहीं था

साल 2003 आते-आते इसे डिस्कंटीन्यू कर दिया गया। कहा जाता है कि, ये एसयूवी अपने समय से कहीं आगे थी। टाटा मोटर्स के सीईओ शैलेश चंद्रा ने भी लांच इवेंट के दौरान कहा कि, 'अब इंडिया टाटा सिएरा के लिए तैयार है। ये महज एक एसयूवी नहीं बल्कि एक लीजेंड की वापसी है, जो मॉडर्न तकनीक के साथ फिर से बाजार में एंट्री करने जा रही है।'

### दो एक्स्ट्रा स्पीकर + साउंडबार

दोनों एसयूवी में जेबीएल का प्रीमियम साउंड सिस्टम मिलता है, लेकिन सिएरा इसमें भी आगे है। सिएरा में 12 स्पीकर + साउंडबार मिलते हैं। इस हैरियर में 10 स्पीकर मिलते हैं। इसमें क्लाइमेट कंट्रोल पैनल के ऊपर लगा साउंडबार केबिन का ऑडियो क्वॉलिटी और भी थिएटर-जैसा बना देता है।




### लुक और डिज़ाइन

नई टाटा सिएरा का स्टांस दमदार और ऊँचा है, जो इसे सड़क पर एक प्रीमियम और पावरफुल लुक देता है। फ्रंट में एलईडी डीआरएल पूरी चौड़ाई में फैला हुआ है, जबकि ग्रिल को क्लोज्ड रखा गया है जिस पर टाटा का लोगो उभरकर दिखता है। हेडलाइट्स नीचे की ओर लगाए गए हैं और सिल्वर फिनिश वाले स्किड प्लेट के साथ फ्रंट प्रोफाइल को एक एडवेंचरस टच देते हैं।

टाटा सिएरा को कंपनी ने पहली बार 1991 में लांच किया था। स्टाइलिश लुक, कर्व्ड ग्लॉस बॉडी, पावरफुल इंजन के साथ आने वाली सिएरा के लिए उस वक्त शायद भारत तैयार नहीं था।

### ट्रिपल-स्क्रीन सेटअप

2025 सिएरा का सबसे बड़ा हाइलाइट है। इसमें 3-स्क्रीन वाला डैशबोर्ड लेआउट मिलता है, जिसमें एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, सेंटर में बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट और को-ड्राइवर के लिए एक अलग स्क्रीन शामिल हैं। वहीं, टाटा हैरियर में सिर्फ डुअल-स्क्रीन सेटअप मिलता है। इसमें 12.3-इंच का टचस्क्रीन और 10.25-इंच का डिजिटल क्लस्टर मिलता है। नई सिएरा में टाटा का नया यूआई दिया जाएगा, जो पहले से ज्यादा तेज, स्मूद और मॉडर्न होगा।

## वैश्विक वृद्धि और अमेरिकी शुल्क वृद्धि के प्रभाव को देख बढ़ाया अनुमान

# इंडिया रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया सात प्रतिशत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। जून तिमाही में उच्च वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि के कम प्रभाव को देखते हुए यह अनुमान बढ़ाया गया है। इंडिया रेटिंग्स के बयान के अनुसार, उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी सालाना आधार पर सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह उसके पिछले अनुमान 6.3 प्रतिशत (जुलाई, 2025 में जारी) से 0.7 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है।

- वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी सालाना आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी

**कम मुद्रास्फीति के कारण जीडीपी में होगी वृद्धिः** इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने और कम मुद्रास्फीति के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी जो बीते वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत थी।




### शुल्क युद्ध व पूंजी निकासी प्रमुख जोखिम

आर्थिक वृद्धि अनुमान में तीव्र वृद्धि के दो प्रमुख कारण हैं। जून तिमाही में अपेक्षा से अधिक तीव्र जीडीपी वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि का प्रभाव पहले के अनुमान से कम होना है। इंडिया रेटिंग्स ने जुलाई में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था और इसके लिए शुल्क युद्ध और किसी भी पूंजी निकासी के प्रमुख जोखिम को जिम्मेदार ठहराया था।

### मांग में सुधार कमजोर रहा तो आ सकती है गिरावट

रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 की वृद्धि दर के लिए जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। एजेंसी ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में तेजी और सर्दियों के महीनों में अनुकूल मौसम की स्थिति जीडीपी वृद्धि को सात प्रतिशत से ऊपर ले जाने की क्षमता रखती है। हालांकि, अगर मांग में सुधार (उपभोग और निवेश) अपेक्षा से कमजोर रहा, तो इससे जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट आ सकती है।''

### वैश्विक परिदृश्यों में बदलाव आया

इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि जुलाई, 2025 में उसके अंतिम अनुमान के बाद से घरेलू और वैश्विक दोनों परिदृश्यों में काफी बदलाव आया है। अमेरिका के सभी देशों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि के कारण अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य प्रमुख बाधाएं हैं। भारत पर अगस्त, 2025 से जो शुल्क लगाया गया है, वह सबसे अधिक में से एक है।

### आंकड़ा 28 नवंबर को जारी किया जाएगा

भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जो पांच तिमाहियों में सबसे तेज वृद्धि है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 28 नवंबर को जारी किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई में आई है कमी

रेटिंग एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त मामलों के प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा कि जुलाई के अनुमान के बाद से आर्थिक परिस्थितियां काफी अनुकूल हुई हैं। इनमें उम्मीद से अधिक तेजी से मुद्रास्फीति में गिरावट, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक मजदूरी दर में वृद्धि और जीएसटी को युक्तिसंगत बनाना शामिल हैं।

## बजाज ऑटो ई-रिक्शा 'रिकी' की मौजूदगी 200 शहरों तक बढ़ाएगी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बजाज ऑटो लिमिटेड ने इस साल 'रिकी' के साथ ई-रिक्शा खंड में कदम रखा है। कंपनी का इरादा अगले साल जनवरी से मार्च तक 'रिकी' की मौजूदगी 200 शहरों तक पहुंचाने का है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने बताया, ''कंपनी ने चार शहरों के साथ रिकी का पायलट परीक्षण शुरू किया था। अब चरण एक के तहत कंपनी ने अपनी मौजूदगी आठ शहरों तक कर दी है।'' रिकी के पूरे भारत में विस्तार की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा, हमने इसे चार शहरों में इसे पेश किया है। अब यह पटना, मुरादाबाद, गुवाहाटी और रायपुर समेत आठ शहरों तक पहुंच गया है।

- कंपनी ने इस साल रिकी के साथ ई रिक्शा खंड में कदम रखा

### छत्तीसगढ़, मप्र में पहले चरण का विस्तार

*रिकी के अपने पहले चरण के विस्तार के तहत बजाज ऑटो उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम के कई शहरों और कस्बों को लक्षित कर रही है। शर्मा ने दावा किया कि 1.9 लाख रुपये की कीमत वाला रिकी मौजूदा लेड-एसिड बैटरी से चलने वाले ई-रिक्शा की तुलना में ज़्यादा सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है। कंपनी का दावा है कि रिकी एक बार चार्ज करने पर 140 किलोमीटर तक दौड़ सकता है।*

## एयर इंडिया बेड़े में 26 नए विमान करेगा शामिल

एजेंसी ⏭ गुरुग्राम

एयर इंडिया समूह 2026 के अंत तक अपने बेड़े में 26 नए विमानों को शामिल करेगा और उसकी 81 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन उन्नत विमानों से करने की योजना है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने यह जानकारी दी। विल्सन ने 12 जून को अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के बाद पहली बार मीडिया के साथ अपने औपचारिक संवाद में कहा कि अगले वर्ष कुल उड़ान क्षमता लगभग स्थिर रहेगी, क्योंकि नए विमानों के आने के साथ पट्टे पर लिए गए कुछ विमान लौटाए भी जाएंगे और कई विमान रेट्रोफिट (उन्नयन) कार्यक्रम में होंगे। सीईओ ने विमानों की आपूर्ति, उन्नयन कार्यक्रम की प्रगति, आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों, अमेरिका मार्ग की मांग और लॉयल्टी कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दी। एयर इंडिया को 570-विमानों के अपने विशाल ऑर्डर का पहला बोइंग-787-9 इस महीने मिलेगा और यह जनवरी से सेवा में आ जाएगा। विल्सन ने कहा कि 2026 में एयर इंडिया के पास कम संख्या में बोइंग 777 होंगे, क्योंकि कुछ पट्टे वाले विमान वापस किए जा रहे हैं और तीन पुराने विमान हटाए जाएंगे। समूह के पास फिलहाल करीब 300 विमान हैं। इनमें 187 विमान एयर इंडिया के हैं जबकि 110 से अधिक विमान एयर इंडिया एक्सप्रेस के हैं।

- एआई 81 फीसदी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन उन्नत विमान से करेगी




### संकरे आकार के 20 विमान मिलने की उम्मीद

अगले वर्ष एयर इंडिया को छह नए बोइंग 787-9 और एयरबस ए350-1000 के अलावा संकरे आकार वाले 20 विमान भी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 12 जून के विमान हादसे में प्रभावित 95 प्रतिशत परिवारों को अंतरिम मुआवजा दिया जा चुका है। अहमदाबाद से उड़ान भरने के बाद लंदन गैटविक जाने वाला एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान गिर गया था, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई थी।

## अदाणी एंटरप्राइजेज का राइट इश्यू अभिदान के लिए खुला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह की मुख्य कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने मंगलवार को भारत के सबसे बड़े राइट इश्यू में से एक को अभिदान के लिए खोला। इसमें एक शेयर की कीमत 1,800 रुपये रखी गई है, जो मंजूरी तारीख के भाव से करीब 24 प्रतिशत कम है। कंपनी के राइट इश्यू दस्तावेज के अनुसार पूरी तरह भरने पर निर्गम का कुल आकार 24,930.30 करोड़ रुपये होगा। इसमें 13.85 करोड़ से अधिक नए शेयर जारी किए जाएंगे। निर्गम 10 दिसंबर को बंद होगा। राइट इश्यू कंपनी द्वारा अपने मौजूदा शेयरधारकों को नए शेयर जारी करने की एक प्रक्रिया है, जिसमें कंपनी उन्हें यह अधिकार देती है कि वे अपने मौजूदा शेयरों के अनुपात में नए शेयर खरीद सकते हैं। इस निर्गम में हर 25 इक्विटी शेयरों पर तीन राइट इक्विटी शेयर दिए जा रहे हैं। यह पेशकश सभी पात्र शेयरधारकों के लिए खुली है। कंपनी में करीब 74 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले प्रवर्तक ने पुष्टि की है कि वह अपनी पूरी हिस्सेदारी खरीदेंगे।

- कंपनी 25,000 करोड़ रुपए का राइट इश्यू ला रही





## विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 314 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच आईटी और वाहन शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 75 अंक की गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 313.70 अंक टूटकर 84,587.01 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 363.98 अंक तक नीचे आ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 नुकसान में जबकि छह लाभ में रहे। निफ्टी 74.70 अंक की गिरावट के साथ 25,884.80 अंक पर आ गया। शुक्रवार से अब तक तीन सत्रों में निफ्टी 307 अंक यानी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 26,000 अंक के नीचे आ गया है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स 1,045 अंक यानी 1.2 प्रतिशत लुढ़का है।

- निफ्टी में भी 75 अंकों की आई गिरावट



### इंफोसिस व एचडीएफसी बैंक में रही गिरावट

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, ट्रेंट, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस सबसे अधिक नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, इटर्नल, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

### एफआईआई ने 4,171 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 4,171.75 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 4,512.87 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## सोना 3,500 रुपए उछला और चांदी में 5,800 रुपए की तेजी

### त्योहारी मांग से सोना 1.28 लाख रुपए पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शादी-विवाह के मौसम की मांग के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की ताजा खरीदारी के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। सराफा में तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गयी। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी लिवाली देखी गई। यह 5,800 रुपये बढ़कर 1,60,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गई। व्यापारियों ने कहा कि शादियों के मौसम के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मांग बढ़ी है। विश्व की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर से भी सुरक्षित निवेश वाले विकल्पों की मांग बढ़ी है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस, सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतों में बढ़त दर्ज हुई, जिसकी वजह कमजोर डॉलर और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की नरम टिप्पणियों के बाद दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदें थीं।''

- चांदी बढ़कर पहुंची 1,60,800 रुपए प्रति किलो



### विदेशी बाजार में सोना हाजिर टूटा

*विदेशी बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.09 प्रतिशत टूटकर 4,131.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि हाजिर चांदी 0.40 प्रतिशत टूटकर 51.15 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

## सीमेंस एनर्जी इंडिया का मुनाफा 31 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सीमेंस एनर्जी इंडिया का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 31 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 360 करोड़ रुपये हो गया है। आमदनी बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 274 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी अक्टूबर से सितंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय बढ़कर 2,646 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,079 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि उसके पास इस दौरान 16,205 करोड़ रुपये के ऑर्डर थे, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक हैं।




## डेलॉयट ने उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के दिए सुझाव

# बजट में टीसीएस/टीडीएस ढांचे को सरल बनाने का सुझाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार को आगामी केंद्रीय बजट में टीडीएस/टीसीएस से जुड़े कर ढांचे को सरल बनाने और शोध एवं विकास, नवीकरणीय ऊर्जा और कृत्रिम मेधा जैसे उच्च क्षमता वाले उभरते क्षेत्रों में निवेश को बढ़ाने के लिए कर प्रोत्साहन उपाय करने चाहिए। डेलॉयट ने मंगलवार को यह सुझाव दिया। परामर्शदाता फर्म डेलॉयट इंडिया ने बजट 2026-27 को लेकर अपनी अपेक्षाओं का ब्योरा देते हुए कहा कि 'स्रोत पर कर कटौती' (टीसीएस) और 'स्रोत पर कर संग्रह' (टीसीएस) की मौजूदा कर व्यवस्था में 0.1 प्रतिशत से लेकर 35 प्रतिशत तक कई दरें लागू होती हैं। इससे अनुपालन बोझ बढ़ता है और करदाताओं को अक्सर अधिक टीडीएस कटने के कारण नकदी प्रवाह की समस्या झेलनी पड़ती है।

### अनुपालन को सरल किया जाए

डेलॉयट ने सुझाव दिया कि इस समस्या को दूर करने के लिए टीडीएस/टीसीएस ढांचे को तीन श्रेणियों- वस्तुएं, सेवाएं और ब्याज एवं लाभांश जैसे अन्य लेनदेन में बांटा जाए। इसके अलावा जहां संभव हो, जीएसटी ढांचे का उपयोग करके अनुपालन को सरल किया जाए।

### समय पर रिफंड के लिए बने निगरानी डैशबोर्ड

*परामर्श कंपनी ने करदाताओं की सुविधा के लिए आयकर पोर्टल पर वास्तविक समय में रिफंड पर निगरानी का डैशबोर्ड शुरू करने की भी सिफारिश की, जिसमें रिफंड की स्थिति, अनुमानित समयसीमा और देरी होने पर 'मामला उठाने' के विकल्प भी हों। डेलॉयट ने सीमा-शुल्क से जुड़े विवादों के समाधान तंत्र को पूरी तरह डिजिटल करने का भी सुझाव दिया।*

**कार्यालय नगर परिषद मझौली जबलपुर (म.प्र.)**

email id - cmomanjholi@mpurban.gov.in Tel: 07624-244444

NIT NO. 1526/PWD/NP/2025 **ई- निविदा सूचना** मझौली दिनांक 24/11/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों एवं शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन लम-सम दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_417713_1 Date- 24-11-2025 | डि-स्लाजिंग विथ ट्रेक्टर कार्य। | 12 माह 19,00,000/- | 2,000/- 14,250/- | 27/12/2025 |

शर्त :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, मझौली

## चिंतन

# राम मंदिर पर फहरी ध्वजा बता रही संघर्ष की दास्तां

आखिरकार वो दिन आ ही गया जिसका सदियों से इंतजार था। पांच शताब्दियों के बाद अयोध्या में राम मंदिर संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। यह सब 25 नवंबर के उस खास विवाह पंचमी के दिन हुआ, जिसे त्रेतायुग में भगवान राम और सीता के विवाह दिवस के रूप में जाना जाता है। भगवान राम का जन्म रघुवंश में हुआ था। रघुवंश में ध्वज की परंपरा रही है। भगवान राम के वंश के लिए कोविदारा वृक्ष का प्रतीक झंडा माना जाता है। अब आयोध्या में उसी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर पर ध्वजारोहण कर रहे थे, तब पूरा देश न केवल आस्था से सराबोर था बल्कि चौतरफा उल्लास का माहौल भी देखा गया। क्योंकि ये दिन लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद आया। 16वीं शताब्दी में मंदिर के ध्वंस से 2024 में मंदिर निर्माण तक हिन्दू समाज और भगवान राम के भक्तों के धैर्य और बलिदान की पूरी दास्तां है। इतिहास बताता है कि 1528 में भारत पर मुगल आक्रमण के दौरान बाबर के सेनापति मीर बाकी ने राम जन्मभूमि पर बने मंदिर को गिराकर मस्जिद का निर्माण करवा दिया। यहीं से शुरू हुआ संघर्ष, जो धर्म, सत्य, इतिहास और अस्तित्व का प्रश्न बन गया। राम भक्तों ने संघर्ष छोड़ा नहीं, हर युग में लड़ाई जारी रही। 1530 से 1857 तक हिन्दू समाज लगातार जन्मभूमि पर पूजा करता रहा। कई लड़ाइयां लड़ी गईं। इसे लेकर हिन्दू–मुस्लिम समुदाय में कई बार इस स्थल पर टकराव हुआ, लेकिन रामभक्त पीछे नहीं हटे। 1857 के बाद ब्रिटिश राज के दौरान अंग्रेजों ने पूजा स्थल पर बैरिकेड लगाकर हिन्दुओं-मुसलमानों के हिस्से अलग किए, लेकिन पूजा और दावे का संघर्ष बदस्तूर जारी रहा। राम भक्त हर हाल में मंदिर के फिर से निर्माण पर अटल रहे। 1949 के दौरान मध्यरात्री में रामलला की प्रतिमा प्रकट हुई। भक्तों की मान्यता है कि रामलला स्वयं प्रकट हुए। इससे हिन्दू आस्था और भी गहरी हो गई, लेकिन स्थल को विवादित मानकर ताला लगा दिया गया। 1986 में कोर्ट के आदेश से हिन्दुओं के लिए ताला खोला गया और यहीं से शुरू हुआ देशव्यापी आंदोलन। 1987 से 1989 के बीच आंदोलन ने नई गति पकड़ी। 1990 में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा ने आंदोलन को निर्णायक मोड़ दिया। इस यात्रा में नरेंद्र मोदी मुख्य प्रबंधक और रूट समन्वयक की भूमिका में थे। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सबूत, पुरातत्व और इतिहास के आधार पर फैसला सुनाया कि यह स्थल राम जन्मभूमि ही है। यहां मंदिर ही बनेगा। यह फैसला 500 वर्षों की न्यायिक यात्रा का अंत और मंदिर निर्माण का आधिकारिक आरंभ था। 2020 से 2024 तक मंदिर निर्माण का समय था। 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन के बाद मंदिर निर्माण शुरू हुआ। विश्व-स्तरीय मंदिर आकार लेने लगा और और 22 जनवरी 2024 को रामलला प्रतिमा की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब ध्वजारोहण के बाद मंदिर निर्माण पूर्ण हो गया। मंदिर की हर ईंट में संघर्ष, बलिदान, आस्था और विजय की कहानी लिखी है और हर ईंट राम के भक्तों में न केवल आस्था बल्कि जोश और उल्लास का नव संचार करती है।

# नए श्रम कानून से आर्थिक रफ्तार



लेबर कोड
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

नए श्रम कानून श्रमिकों के लिए राहत और उद्योग-कारोबार के लिए आर्थिक रफ्तार के नए आधार दिखाई दे रहे हैं। नए श्रम कानून के तहत चार श्रम संहिताएं- मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता 2020 शामिल हैं। नए श्रम कानून के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं।

हाल ही में 21 नवंबर को केंद्र सरकार ने देश में पांच साल के लंबे समय से प्रतीक्षित नए श्रम कानून के तहत चार श्रम संहिता (लेबर कोड) को लागू कर दिया है। नए श्रम कानून श्रमिकों के लिए राहत और उद्योग-कारोबार के लिए आर्थिक रफ्तार के नए आधार दिखाई दे रहे हैं। नए श्रम कानून के तहत चार श्रम संहिताएं- मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता 2020 शामिल हैं। नए श्रम कानून के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं। वस्तुतः नई चार श्रम संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और हमारे लोगों, विशेष रूप से नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगी। साथ ही नए श्रम कानून भविष्य के लिए एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण करेंगे, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को मजबूत करेगा। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ ने भारत के नए श्रम कानूनों की सराहना करते हुए कहा कि इनसे श्रमिकों को बड़े लाभ होंगे। साथ ही रोजगार प्रदाताओं और श्रमिकों के बीच सामाजिक सुरक्षा संवाद मजबूत होगा।

निश्चित रूप से नई श्रम संहिताओं ने श्रम कानूनों को सरल, निष्पक्ष और नए दौर के कामकाजी वातावरण के अधिक अनुकूल बना दिया है। ये नए श्रम कानून श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार करने, व्यवसायों के लिए नियमों का अनुपालन करना आसान बनाने और बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के मद्देनजर अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। नई श्रम संहिताओं के तहत श्रमिकों, उद्योगों और सरकार के हितों से संबंधित बहुआयामी लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अब नियोक्ताओं को सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करना होगा तथा गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित पूरे श्रमबल को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करना होगा। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच भी सुनिश्चित की गई है। अब तय अवधि के लिए ठेके पर काम करने वाले कामगारों को स्थायी श्रमिकों के बराबर सभी लाभ मिलेंगे और वे 5 साल के बजाय सिर्फ एक साल बाद ग्रेच्युटी पाने के हकदार होंगे। नए श्रम नियम महिलाओं को रात की पाली में काम करने और देश भर में कर्मचारियों के राज्य बीमा लाभों का विस्तार करने की अनुमति भी देते हैं, इन सबसे श्रम की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ेगी। यदि हम देश में श्रम कानूनों का इतिहास देखें तो पाते हैं कि भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक काल में उस समय बनाए गए थे, जब अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया वर्तमान व्यवस्थाओं से पूरी तरह भिन्न थी। जैसे-जैसे 1991 के बाद वैश्वीकरण बढ़ता गया, वैसे-वैसे दुनिया के अधिकांश बड़े विकसित और विकासशील देशों ने पिछले कुछ दशकों में अपने श्रम नियमों को समय के साथ अनुकूल व सरल बनाया और उन्हें एकीकृत किया है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सिंगापुर, डेनमार्क, अमेरिका, न्यूजीलैंड तथा वियतनाम सहित कई देश लचीले श्रम



कानूनों के कारण न केवल औद्योगिक विकास की डगर पर लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये देश उद्योग-कारोबार की रैंकिंग में भी आगे हैं। लेकिन भारत अब तक 29 केंद्रीय श्रम कानूनों में बिखरे, जटिल और कई मामलों में पुराने प्रावधानों के आधार पर काम कर रहा था, जिन्हें सरल करने की जरूरत बनी हुई थी। उच्चतम न्यायालय भी कई बार देश में अप्रासंगिक हो चुके ऐसे श्रम कानूनों की कमियां गिनाता रहा है, जो काम को कठिन और लम्बी अवधि का बनाते हैं। देश और दुनिया के आर्थिक संगठन बार-बार यह कहते रहे हैं कि श्रम सुधारों से ही भारत में उद्योग-कारोबार का तेजी से विकास हो सकेगा। यह बात महत्वपूर्ण है कि नए श्रम कानून का एक बड़ा आधार दूसरे राष्ट्रीय श्रम आयोग की रिपोर्ट में प्रस्तुत की गई बहुआयामी सिफारिशें भी हैं। इस आयोग का गठन तत्कालीन श्रम मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया के द्वारा अक्टूबर 1999 में किया गया था, जिसकी रिपोर्ट जून 2002 में प्राप्त हुई थी। श्रम कानूनों को मजदूर हितैषी बनाने में डॉ. जटिया का अहम योगदान रहा है। अब आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को नए श्रम कानून तेजी से आगे बढ़ा सकेंगे। साथ ही नई श्रम संहिताओं से देश दुनिया में सेवा क्षेत्र के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ सकेगा। नए श्रम सुधार भारत की विकास दर को रफ्तार दे सकेंगे। लेकिन नए श्रम कानून की डगर पर कार्यान्वियन संबंधी कई मुश्किलें भी हैं। इन मुश्किलों का समाधान किया जाना जरूरी होगा। खासतौर से व्यवस्था में निरंतर सुधार की आवश्यकता होगी। श्रम संबंधी कामों की तेजी से बदलती हुई प्रकृति को देखते हुए इसके लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच तथा उद्योग-कारोबार तथा श्रम संगठनों के बीच अच्छा तालमेल जरूरी होगा। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को नए श्रम कानूनों का लाभ दिलाने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे।

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने नई रिपोर्ट में कहा है वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है। साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आंकलन रिपोर्ट में कहा गया है भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए श्रम तथा आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। ऐसे में नए श्रम कानून विकास के ऊंचे लक्ष्य को पाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उम्मीद करें कि देश में 21 नवंबर से लागू नई चार श्रम संहिताओं से श्रम नियमों के आधुनिकीकरण, श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा और श्रम पारिस्थितिकी तंत्र को कार्य की उभरती दुनिया के साथ संरेखित किए जाने जैसे नए आधारों से भविष्य के लिए तैयार कार्यबल और मजबूत, लचीले उद्योगों की मजबूत नींव रखी जाएगी, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उम्मीद करें कि जिस प्रकार इनकम टैक्स और जीएसटी सुधार से आम आदमी और अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है, उसी प्रकार नए श्रम कानून भी लाभप्रद होंगे। उम्मीद करें कि अब सरकार कृषि, बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, लॉजिस्टिक सुधार, डिजिटलीकरण और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की डगर पर आगे बढ़ेगी। उम्मीद करें कि देश नए श्रम कानूनों से उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर के ऊंचे लक्ष्यों को प्राप्त करने की डगर पर आगे बढ़ते हुए 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र बनते हुए दिखाई दे सकेगा।

(लेखक अर्थशास्त्र के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष

प्रो. (डॉ.) भारत



# भारतीय संविधान : राष्ट्रीय जीवन का आधार


भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय जीवन का मुख्य आधार है। 26 नवम्बर 1949 को इसे अंगीकार कर राष्ट्र ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सर्वोपरि स्थान दिया गया। संविधान दिवस, उस ऐतिहासिक क्षण का स्मरण मात्र नहीं है; यह हमारे दायित्वों, उपलब्धियों और चुनौतियों पर पुनर्विचार का अवसर भी है।

हमारा संविधान हमारी स्वतंत्रता का संरक्षक और लोकतंत्र का वाहक भी है। भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से लेकर समान अवसरों की आधारशिला तक, संविधान ने नागरिकों को ऐसे अधिकार दिए हैं जो किसी भी जीवंत लोकतंत्र की मूल शर्तें हैं। मौलिक अधिकारों की यह संरचना प्रत्येक व्यक्ति को यह विश्वास दिलाती है कि राज्य उसके साथ न्याय करेगा और उसकी गरिमा की रक्षा करेगा। परंतु यह भी सच है कि अधिकार तभी सार्थक बनते हैं जब नागरिक अपने दायित्वों को समान गंभीरता से निभाएं। भारतीय संविधान ने इस संतुलन को समझते हुए नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को भी उतना ही महत्व दिया है। बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में कर्तव्यों की यह सूची केवल एक नैतिक आग्रह नहीं रही, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त के रूप में उभरी है। संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार ही नहीं है, बल्कि निरंतर सहभागिता का दायित्व भी है। आज से लगभग आठ दशक पहले, जब संविधान सभा ने अपना कार्य प्रारम्भ किया, तब भारत अनेक जटिल समस्याओं और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझता रहा था। उन परिस्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल सहित सभी महान मनीषियों ने मिलकर एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया, जिसने भारतीय समाज की बुनावट को समझते हुए एक समावेशी ढांचा प्रस्तुत किया। यह संविधान उनकी दृष्टि, संघर्ष और दूरदर्शिता का साक्ष्य है। यह उसी विरासत का परिणाम है कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा और सबसे स्थिर लोकतंत्र है।

संविधान दिवस हमें न केवल इन महान आत्माओं का ऋणी होने का एहसास कराता है, बल्कि यह भी प्रेरित करता है कि हम उनकी कल्पना के अनुरूप राष्ट्र का निर्माण करें। बदलते समय में संविधान की प्रासंगिकता पर एक नजर डालें तो तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में संविधान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर अपराध, पर्यावरण संकट और वैश्विक अर्थव्यवस्था जैसे नए मुद्दे हमारे सामने ऐसी चुनौतियां रखते हैं, जिनकी कल्पना संविधान रचयिताओं ने उस रूप में शायद न की हो, परंतु उनकी स्थापित मूल-नीतियां आज भी मार्गदर्शन देती हैं। कर्तव्य हमेशा से ही राष्ट्र निर्माण का मूलाधार रहते हैं। जहां एक और अधिकार व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर कर्तव्य समाज और राष्ट्र को मजबूत करते हैं। आज संविधान दिवस के अवसर पर यह आवश्यक है कि हम कर्तव्यों को केवल कानूनी या नैतिक सूची के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक नागरिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। समाज और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, स्त्री-पुरुष समानता को प्रोत्साहन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संविधान के आदर्शों का पालन ये मात्र लिखित बिंदु नहीं, बल्कि नागरिकता के वास्तविक मानदंड हैं। लोकतंत्र तभी कायम रहता है जब नागरिक अनुशासित, सजग और सहभागी हों। संविधान दिवस सही मायने में आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है। आज जब भारत विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था और तकनीक के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है, तब संविधान की मूल भावना 'हम भारत के लोग' और भी प्रासंगिक हो उठती है। यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र केवल शासन या सरकार से नहीं, बल्कि नागरिकों के सामूहिक संकल्प से चलता है। आज संविधान दिवस हमें दो प्रश्न पूछने को प्रेरित करता है... क्या हम अपने संवैधानिक अधिकारों का सम्मान और उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं? क्या हम अपने कर्तव्यों को निभाकर राष्ट्र की प्रगति में वास्तविक योगदान दे रहे हैं? यह दिन आत्ममंथन का भी अवसर है, जहां हमें यह स्वीकार करना होगा कि भ्रष्टाचार, असमानता, भीड़-मानसिकता, हिंसा और विभाजनकारी प्रवृत्तियां हमारे लोकतांत्रिक चरित्र को चुनौती देती हैं। संविधान दिवस हमें इन प्रवृत्तियों से सावधान करता है और आदर्शों की ओर पुनः लौटने का आग्रह करता है।

(लेखक कानून के वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भगवान के चरणों में स्वयं को अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए। *– मनोज कश्यप, दुर्ग*

## ट्रेंड

### इतिहास रचा गया



श्री राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजारोहण उत्सव का साक्षी बनना ऐसा क्षण है जिसका भारत और दुनिया के करोड़ों लोगों को बेसब्री से इंतज़ार था। अयोध्या में इतिहास रचा गया है और यह हमें प्रभु श्री राम के दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित करेगा।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मंदिर निर्माण का सपना



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री द्वारा सम्पन्न ध्वजारोहण युगों की तपस्या का पूर्णत्व है। श्रीराम मंदिर निर्माण का वह सपना, जिसे मेरी पूज्या आजी अम्मा राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी ने देखा था, वो आज भव्य सांस्कृतिक पुनर्जागरण बनकर साकार खड़ा है।
**- ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री**

### जवाब देने वाला कौन



हर सांस के साथ जीवन बढ़ना चाहिए, घटना नहीं। दिल्ली प्रदूषण की राजधानी बन गया है। एनसीआर के लोगों का जीवन बचाने के लिए भाजपा सरकार क्या रही है, इसका जवाब देने वाला कोई है क्या?
**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### बलिदान की गाथा



हमारे जीते जी अयोध्या में हमें श्री राम मंदिर पर ध्वजारोहण समारोह देखने का अवसर प्राप्त हुआ। मोदी जी के कांपते हाथ और आंखो में अश्रुओं की हल्की सी धारा हज़ारों लाखो श्रद्धालुओं और राम भक्तों के बलिदान की गाथा कहते हैं। जय हो
**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# ताबूत से आई दस्तक, ले जा रहे थे दाह संस्कार के लिए

थाईलैंड में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया जब एक महिला को अंतिम संस्कार के लिए लाया गया तो वह अपने ताबूत में जिंदा पायी गयी। बैंकॉक के बाहरी इलाके नॉनथाबुरी प्रांत में स्थित वाट राट प्राखोंग थाम नामक बौद्ध मंदिर ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक महिला को एक पिकअप ट्रक में रखे एक सफेद रंग के ताबूत में लेटा हुआ देखा गया। वीडियो में महिला के हाथ और सिर में हल्की हरकत दिखाई देती है, जिससे मंदिर के कर्मचारी स्तब्ध रह जाते हैं। मंदिर के सामान्य और वित्तीय प्रबंधक पैरेट सुदथूप ने सोमवार को बताया कि 65 वर्षीय महिला को उसका भाई फित्सानुलोक प्रांत से दाह संस्कार के लिए लाया था।



पैरेट ने बताया कि उन्होंने ताबूत के अंदर से हल्की ठक–ठक की आवाज सुनी। उन्होंने कहा, 'मैं थोड़ा हैरान हुआ इसलिए मैंने उनसे ताबूत खोलने को कहा और सभी डर गए। मैंने देखा कि वह अपनी आंखें थोड़ी खोल रही थीं और ताबूत को खटखटा रही थीं। संभव है कि वह काफी देर से खटखटा रही हों।' पैरेट के अनुसार, महिला के भाई ने बताया कि वह करीब दो साल से बिस्तर पर थीं और उनकी हालत बिगड़ने के बाद उनमें कोई हलचल नहीं हो रही थी और दो दिन पहले ऐसा लगा कि उनकी सांस चलना बंद हो गई।

## ऑफ बीट

# आपका बैंक पहले ही एआई का इस्तेमाल कर रहा है

दुनिया की पहली ऑटोमेटेड टेलर मशीन या एटीएम को नॉर्थ लंदन में बार्कलेज बैंक की एक ब्रांच में जून 1967 में एक बड़े समारोह में शुरू किया गया था। वह



पहला सिस्टम आज के सिस्टम से थोड़ा अलग दिखता था, जिसे हम जानते और इस्तेमाल करते हैं। लेकिन लगभग छह दशक बाद, ऐसी दुनिया की कल्पना करना मुश्किल है, जहाँ लोग सिर्फ़ बैंकिंग घंटों के दौरान ही नकदी निकाल सकें। अब, ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में, बैंक इस बात पर बड़ा दांव लगा रहे हैं कि एक नए तरह का ऑटोमेशन उनके बिज़नेस मॉडल को बदल देगा और वह है : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। बेंडिगो बैंक ने बताया कि उसने गूगल के साथ कई साल का समझौता किया है। इसके तहत वह टेक कंपनी के जेमिनी एंटरप्राइज एआई प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कई कामों में मदद के लिए करेगा, जिसमें लोन एप्लीकेशन की जांच करना और धोखाधड़ी का पता लगाना शामिल है। यह अगस्त में घोषित कॉमनवेल्थ बैंक और ओपनएआई के बीच एक बड़े करार के बाद हुआ है, जिसका मकसद ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए एडवांस्ड एआई लाना है। अभी, एआई बैंकों और कर्मचारियों की फ़ैसले लेने में मदद कर रहा है। यह धोखाधड़ी और घोटालों की जांच कर रहा है, क्रेडिट स्कोर का पता लगा रहा है, ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट एक्टिविटी में मदद कर रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# शादी समारोह में चले लात घूंसे, आधा दर्जन घायल

सिवनी। शादी समारोह आनंद उत्सव के बीच संपन्न होता है। जिसमें अभी वर्तमान में नाचने गाने का फैशन बहुत ज्यादा प्रचलन पर है। हर समाज की शादी विवाह में संगीत का कार्यक्रम और बारात में महिलाओ-पुरुष के नाचने का कार्यक्रम शादी का एक जरूरी और अहम हिस्सा बन गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वही शादी की खुशियां इसी नाच गाने के बीच में अगर लड़ाई-झगड़ा की स्थिति निर्मित कर देता है तो शादी समारोह की खुशियां कई बार मातम में बदल जाती है। इसमें कहीं किसी की मौत हो जाती है, कहीं कोई घायल हो जाता है।

मामला थाने में पहुंचता है तो खुशी का माहौल गमगीन होने पर दोनों पक्षों को बाद में इसका काफी पछतावा होता है। इसी प्रकार का एक मामला कोतवाली थाना में सोमवार की रात पहुंचा। जहां प्रजापति परिवार में हो रही शादी समारोह में सोमवार की रात लगभग 11.30 बजे राजशशि लॉन में आयोजित प्रजापति परिवार में शादी के दौरान डीजे में बज रहे गाने की धुन व अपने-अपने मनपसंद गाना लगाए जाने सहित अन्य मामलों को लेकर युवाओं में जमकर मारपीट हुई।



### पाईप, लात घुसो से मारपीट

सोमवार की रात 11.30 बजे जब बारात लग रही थी तभी लडक़ी पक्ष के आशु प्रजापति और दूसरे पक्ष जमुनिया करहैया गांव से आए हुए युवकों के बीच में नाचने गाने को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद देखते ही देखे इतना बढ़ गया कि युवक एक दूसरों को मारने-मरने पर उतारू हो गए। लॉन के परिसर में रखें लोहे के पाइप व प्लास्टिक के पाइप व अन्य सामान उठाकर एक दूसरे पर लोग मारने लगे। इस मारपीट में आशु प्रजापति को चोट आई है तथा दूसरे पक्ष में अनिल प्रजापति को भी चोट आई है।

**दोनों पक्षों के बीच दर्ज काउंटर केस**

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं और दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर आशु प्रजापति, अनिल प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, राजू प्रजापति, देवेश प्रजापति, मोनू प्रजापति, शक्ति प्रजापति व अन्य अनिल प्रजापति सहित कुछ अन्य लोगों पर धारा 296 (6), 115 (2), 118(1), 351(2), 3(5), बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।

### सभी आपस में रिश्तेदार, पड़ोसी

सभी एक दूसरे के चाचा-भतीजा, काका-बाबा के लडक़े सगे संबंधी भी हैं। घायल अनिल व आंसू का उपचार जिला अस्पताल सिवनी में चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच में टूट गए हैं।

## नाबालिग बच्ची घर से गायब, परिजन हैरान

**अमानगंज**। पुलिस थाना क्षेत्र अमानगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपुर से एक 14 वर्षीय ना वाले बालिका के गायब होने की रिपोर्ट उसकी मां के द्वारा थाना उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि मेरी लडकी जिसकी उम्र करीब 14 साल घर से गांव तरफ चली गई थी जो करीब 1 घंटे तक घर वापस नही आई तब मैने अपने लडके को बुलाने गांव तरफ भेजा जो लडकी कही नही मिली तब इधर उधर तलाश किया रिश्तेदारो में भी पता किया जिसका कोई पता नही चला मुझे शंका है कि मेरी नाबालिक लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा ले गया है। फरियादिया कि रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला विबेचना में लिया।

# रामपुर चौरासी में कुएं में मिला बच्चे का शव हत्या की आशंका, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**सतना। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जहाँ एक बच्चे का शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने एक कुएं में शव देखा,जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण और परिजन एकत्र हो गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्चे की हत्या कर उसे कुएं में फेंका गया है,क्योंकि बच्चा खुद कुएं में नहीं गिर सकता।** पुलिस के पहुंचने से पहले ही घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और वे न्याय की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश देखने को मिला। मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उन्हें आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चे की मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा कि यह एक दुर्घटना थी या फिर किसी ने उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित पहलुओं पर गौर कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और घटना से संबंधित कोई भी





सुराग ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। यह घटना सतना में कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। परिजनों का आरोप है कि बच्चे के लापता होने के बाद से ही वे उसकी तलाश कर रहे थे,लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया था। अब जब उसका शव मिला है,तो परिजनों का दर्द और गुस्सा जायज है। उन्हें शक है कि यह सुनियोजित हत्या है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया है,जो इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी। पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर तनाव का माहौल है और लोग पुलिस से जल्द से जल्द न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। इस दुखद घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है।

## पैंट की जेब काटकर रुपए और गले से जेवर ले उड़े

**रीवा**। भांजी की शादी में शामिल होने आए दंपती को चोर ने निशाना बना लिया। बदमाश ने बड़ी सफाई से पेट की जेब को कैची से काटकर उससे रुपए निकाल लिए और महिला के गले से जेवर खीच लिए। घटना विछिया थाना क्षेत्र के हरिओम मैरिज गार्डन में हुई। रामपुर बधेलान के नीरज साहू अपनी पत्नी कल्पना के साथ यहां आए थे। रात में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों मैरिज गार्डन में बने कमरे में सोने चले गए। देर रात बदमाश कमरे में घुस आया और कैची से नीरज की पेंट की जेब काटकर उसमें रखे 16 हजार रुपए निकाल लिए। कल्पना साहू के गले से सोने का मंगलसूत्र, मनचली और एक लंकेटि भी उतार लिया। सुबह जब उनकी नींद खुली और सामान विखरा देखा तो वे सन्न रह गए। थाने पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया है जो कमरे के आसपास घूमता दिखा, लेकिन उसने अपना चेहरा गमछे से ढका था, जिसके कारण पहचान नहीं हो पाई है। वैवाहिक आयोजनों के समय विवाह घर में बदमाश सक्रिय रहते हैं जो मौका मिलते ही वर व कन्या पक्ष को अपना शिकार बना लेते हैं। कई बार रुपयों से भरा बैग तो महिलाओं के जेवर पार कर देते हैं।

## बीच सड़क पर आग का गोला बनी कार, सवारों ने कूदकर बचाई जान



### चोरहटा के समीप हादसा फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक कार खाक

**रीवा**। शहर के चोरहटा क्षेत्र में सोमवार शाम चलते-चलते एक कार अचानक आग का गोला बन गई। उसमें सवार लोगों ने तत्काल नीचे उत्तरकर अपनी जान बचाई। कुछ देर बाद दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया, तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया गया कि कार में सवार कुछ लोग रीवा से चोरहटा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे चोरहटा के पास पहुंचे, अचानक कार से धुआं निकलने लगा। अनहोनी की आशंका पर चालक ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत वाहन रोक दिया और सभी लोग बाहर निकल आए। देखते ही देखते कार में आग भड़क उठी और कुछ ही देर में पूरा वाहन जलकर खाक हो गया। घटना से सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। सूचना मिलते ही पुलिस ने कंट्रोल रूम से फायर बिग्रेड को बुलाया जिसकी मदद से आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक तौर पर कार में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद ही घटना का वास्तविक कारण सामने आ सकेगा।

## सर्पदंश से एक व्यक्ति हुई मौत इस वर्ष लगभग एक दर्जन लोग सर्पदंश का शिकार हुए

**छपारा - जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुंडरई में कल सोमवार शाम को एक व्यक्ति सर्पदंश का शिकार हो गया बताया जा रहा है कि सर्प इतना जहरीला था कि ईलाज का भी मौका नहीं मिल पाया।**



ज्ञात हो कि इस वर्ष जनपद क्षेत्र में सर्पदंश से लगभग एक दर्जन लोगों के मौतों का आंकड़ा पहुंच गया है जहां अधिकांश जगहों पर सर्पदंश होने पर पीड़ित व्यक्तियों को झाड़-फूंक कराने में समय गंवाया जाना मुख्य वजह रही है, वहीं दूसरी ओर किसी भी व्यक्ति को सर्पदंश होने की स्थिति में तत्काल अस्पताल लाना चाहिए जिससे जल्द से जल्द उपचार पीड़ित व्यक्ति को मिल सके और उसकी जान बचाई जा सके किंतु आज भी जनपद क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में जागरूकता की कमी के चलते बारिश के बाद भी कुछ महीनों में लगातार सर्पदंश से लोगों के मौतें कि घटना सामने आ रही हैं।

वहीं विगत 24 नबंम्बर को छपारा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडरई निवासी भागवत पिता कुंवर बरकडे 40 वर्ष शाम लगभग 5 बजे के आसपास दिशा मैदान हेतु गांव के पास गया था जहां उसके पैर में जहरीले सर्प ने काट लिया इसके बाद तत्काल वापस घर लौट कर इसकी जानकारी मृतक भागवत ने अपने परिजनों सहित पड़ोसियों को दी तब परिजनों द्वारा स्वास्थ विभाग की 108 एंबुलेंस पर काल लगाने पर बताया गया कि अभी छपारा क्षेत्र में 108 एंबुलेंस वाहन मोजूद नहीं होने से मौके पर एंबुलेंस वाहन नहीं पहुंच पाया और लगभग आधे घंटे में भागवत बरकडे की मौत हो गई। वहीं ग्राम के लोगों ने बताया कि मृतक व्यक्ति भागवत घर में इकलौता कमाऊ व्यक्ति था जिसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे अब असहाय हो गए हैं देर शाम परिवार एवं ग्रामीण जनों द्वारा मृतक के शव को नगर के स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां गया जहां दूसरे दिन मंगलवार को सुबह नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया वहीं पूरा मामला पर छपारा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

# चाय पीने के बहाने 20 वर्षीय युवती से चार युवकों ने किया रेप, पहुंचे जेल

सिवनी जिले के डूंडासिवनी थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाली और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कंडीपार रोड स्थित अशोक सुंदरी कैफे में एक 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश दोनों बढ़ गए हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**यह शर्मनाक घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। सोमवार सुबह पीड़िता ने साहस दिखाते हुए डूंडासिवनी थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज करते ही कार्रवाई शुरू की और सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें सीधे जेल भेज दिया गया।**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी बंडोल थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनमें शामिल हैं गोपाल बरमैया (21), निवासी बखारी शेरा रजक (21), निवासी कुकलाह अतुल रजक (23), निवासी बखारी संदीप जंघेला (28), निवासी बंडोल जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी गोपाल बरमैया गांव में एक छोटा होटल/चाय-नाश्ता दुकान चलाता है। अन्य आरोपियों में से एक खेती करता है, एक डीजी साउंड सिस्टम में काम करता है और एक अभी पढ़ाई कर रहा है

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि पीड़िता मुख्य आरोपी गोपाल को पहले से जानती थी। रविवार देर शाम गोपाल ने युवती को 'चाय पीने' के बहाने कैफे बुलाया, जहां कुछ देर बाद उसके तीन अन्य दोस्त भी वहां पहुंच गए।

इसके बाद आरोपियों ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। यह घटना न केवल दिल को झकझोर देने वाली है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि विश्वास का किस तरह दुरुपयोग किया गया।

### धमकी देकर बस स्टैंड पर छोड़ गए आरोपी

वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़िता को घटना किसी को न बताने की धमकी दी और उसे बस स्टैंड पर छोडक़र फरार हो गए। भयभीत युवती ने हिम्मत जुटाई और तुरंत डूंडासिवनी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने पुष्टि की कि सभी आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सिवनी एसडीओपी श्रद्धा सोनकर ने भी पूरे मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि आगे की जांच तेजी से जारी है।

इस वारदात के बाद इलाके में आक्रोश और भय दोनों की स्थिति है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

पीड़िता के साहस और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना हो रही है, लेकिन साथ ही समाज में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर प्रमुखता से सामने आ गया है।

## जमीन विवाद का मामला पहुंचा थाने

**हरिभूमि न्यूज कोतमा**। जमीनों के दाम बढ़ने के बाद से लगातार विवाद भी सामने आते रहते हैं। हाईवे रोड बन जाने के बाद हाईवे व उसके आसपास से लगी जमीनों के दाम बढ़ने के बाद से लगातार विवाद भी सामने आते रहते हैं। रविवार को हाईवे के समीप वन डिपो के पास जमीनी विवाद एवं जान से मारने की धमकी देने को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। आशीष सराफ निवासी कोतमा ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि उनके स्वामित्व की जमीन पर आलोक कुमार गोयनका निवासी बाजार वार्ड क्रमांक 2 के द्वारा बलपूर्वक मजदूर लगाकर कब्जा किया जा रहा है। मना करने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही रसूख का धौंस दिखाया जा रहा है। जानकारी अनुसार उक्त जमीन को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा पूर्व से विवाद बना हुआ था जिसका प्रकरण भी न्यायालय में चल रहा था। रविवार को आलोक गोयनका के द्वारा दो दर्जन से ज्यादा मजदूरों को लगाकर जमीन पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया जिसके बाद आशीष सराफ ने उक्त घटना की फोटो वीडियो बनाते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

## भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाया 10000 जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन मे यातायात पुलिस सिवनी द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला दंडाधिकारी सिवनी द्वारा नगर क्षेत्र में प्रातः 7:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक एवं शाम 4:00 बजे से लेकर रात्रि 10:00 बजे तक भारी वाहनों के आवागमन को निषेध किया गया है। जिसका पालन कुछ वाहन चालकों द्वारा नही किया जाता है। ऐसे ही प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने वाले दो वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहन क्रमांक **CG** 07 **CU** 4868 पर बरघाट रोड पर प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने एवं बॉडी से बाहर समान भरने पर थाना प्रभारी यातायात द्वारा कार्यवाही करते हुए 5500 /-रूपये वाहन क्रमांक **UP** 63 **CT** 2637 पर प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने पर सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह परिहार द्वारा कार्यवाही करते हुए 5000/- रुपए का जुर्माना किया जाकर कुल 10500/- रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया ।

# 9 दिसम्बर को खजुराहो में होगी मंत्रिपरिषद की बैठक

**पन्ना**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में खजुराहो में 8 और 9 दिसम्बर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 9 दिसम्बर को मंत्रि परिषद की बैठक खजुराहो में होगी। यह गतिविधि केन बेतवा लिंक परियोजना और बुंदेलखंड के विकास को समर्पित होगी। प्रदेश में विगत वर्ष की भांति एक दिसम्बर को गीता जयंती भी धूमधाम से मनाई जाएगी। समस्त विकासखण्डों एवं जिला मुख्यालय में श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में गीता प्रेमी श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय के श्लोक का सस्वर पाठ करेंगे। कार्यक्रमों में गीता ज्ञान प्रतियोगिता, कृष्णायन-नृत्य नाटिका आदि का भी प्रदर्शन होगा।

# रेलवे स्टेशन में बोतल क्रस मशीन में फंसा युवक का हाथ काटना पड़ा पंजा, तीन घंटे तक चला रेस्क्यू

शहडोल।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में अचानक बीती रात उस समय हडक़म मच गया जब एक यात्री का हाथ बोतल क्रस मशीन में फंस गया, 3 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद मशीन को कटर से कटवाया गया,तब कहीं जाकर यात्री की जान बच पाई,लेकिन उसका हाथ का पंजा कटवाना पड़ा। रेस्क्यू के दौरान आरपीएफ प्रभारी एवं जीआरपी का दल एवं रेलवे के डॉक्टर मौजूद रहे। आरपीएफ ने बताया कि उमरिया जिले के मानपुर का रहने वाला सत्यम गुप्ता 25 वर्ष शहडोल से मनेन्द्रगढ़ जाने के लिए रीवा चिरमिरी से यात्रा करने के लिए उसने शहडोल रेलवे स्टेशन से मनेन्द्रगढ़ तक की टिकट ली थी और वह ट्रेन का इंतजार कर रहा था,तभी वह अपने हाथ में एक बोतल रखा हुआ था,जिसे उसने क्रस मशीन में डाला होगा, इस दौरान उसका हाथ उस मशीन में अंदर फंस गया। आरपीएफ के अनुसार सत्यम नशे में था, घटना के बाद उसने चीखना चिल्लाना शुरू किया। इसके बाद आस-पास खड़े यात्री मौके पर पहुंचे और सत्यम के हाथ को मशीन से निकालने की कोशिश की गई, लेकिन लोगों की कोशिश नाकाम रही। रात्रि में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर रेलवे पुलिस के जवान गस्त कर रहे थे । यात्रियों ने इसकी जानकारी रेलवे के पुलिस कर्मियों को दी, जिसके बाद आरपीएफ थाना प्रभारी मनीष तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेलवे के टेक्निकल स्टाफ को भी बुलाया गया। मशीन को चाबी से खोला गया, लेकिन सत्यम का हाथ का पंजा मशीन में चकनाचूर हो गया था। जिसे निकलना नामुमकिन था, टेक्निकल स्टाफ ने मशीन को कटर से काट कर यात्री की जान बचाई है। इस रेस्क्यू में लगभग तीन घंटे का समय लगा, इस दौरान रेलवे के डॉक्टर भी मौके पर मौजूद रहे। कटर मशीन से बोतल क्रस मशीन को काट कर सत्यम का हाथ निकल कर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरपीएफ थाना प्रभारी ने कहा मेडिकल कॉलेज में यात्री को भर्ती कराया गया, जहां उसके हाथ के एक पंजे को डॉक्टरो ने काट दिया है।



## रात को दुकान न खोले जाने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा**। नगर के जमाड़ा रोड स्थित एक किराना दुकान की संचालक विधवा महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके द्वारा रात को दस बजे अपने किराना दुकान बंद कर दी गई थी। इसके बाद पडौस में रहने वाला छत्रपाल जाटव नामक युवक आया और शटर खटखटाने लगा। प्रार्थिया घर में अेकली महिला होने के चलते जब उसने शटर नही खोली तो आरोपी द्वारा शटर में लाते मारने लगा। इसी दौरान प्रार्थिया का बेला पेट्रोल पंप से काम करने के बाद घर लौटा और उसने छत्रपाल से बोला की इस तरह हमारी शटर में लाते क्यो मार रहे हो। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रार्थिया के बेटे के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये झूमा झटकी की गई इस दौरान जब प्रार्थिया बाहर निकली तो उसको भी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया।

## 5 लोगों का होगा उपचार पूर्व राज्यमंत्री मोहोड़ के प्रयासों से

**सौंसर**। पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड़ की पहल व सांसद विवेक 'बंटी' साहू की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से पाँच जरूरतमंद मरीजों को उपचार हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर इन मरीजों को गंभीर बीमारियों के उपचार में सहायता संभव होगा।लाभार्थी लोगों में अनिल कराडे लिंगा 65,000 रुपए विजेता सकोम सौसर 10,000 रुपये, बिल विलास मोजरकर सौसर 35,000 रुपये सुनंदा वाडेकर 30,000 रुपये दीपक काटवले 50,000 रुपये का समावेश है। राशि मंजूर होने पर सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद विवेक बंटी साहू तथा पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश हेमंत शहीदी स्मृति पर्व में शामिल हुए

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को महान संत श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, भाई मतीदास, भाई सतीदास जी और भाई दयाल जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के अवसर पर बैतूल स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में आयोजित शहीदी स्मृति पर्व में शामिल होकर अरदास की एवं देश व प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की।

### लाइन परिचारक दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण 5 को

**भोपाल।** ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल की ओर से लाइन परिचारक (नियमित) के पदों को भरने के लिए प्रथम प्रतीक्षा सूची में प्रावधिक रूप से चयनित 35 आवेदकों की सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचना जारी की गई है। कंपनी की ओर से लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक (संचारण, संधारण) वृत्त कार्यालय में 5 दिसंबर को किया जाएगा। कंपनी की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को ईमेल एवं एसएमएस के माध्यम से भी इसकी सूचना भेजी गई है।

### डीआरएम ने किया 10 रेल कर्मचारियों को सम्मानित



**भोपाल।** मण्डल रेल प्रबन्धक पंकज त्यागी द्वारा ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझ-बूझ एवं सजगता का परिचय देते हुए अक्टूबर एवं नवम्बर माह में संभावित असामान्य घटनाओं को टालने वाले 10 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र एवं संरक्षा नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।सूझ-बूझ, सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही से गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने का प्रशंसनीय कार्य किया है, जिसमें लोकेश ने साबरमती एक्सप्रेस में ब्रेक बाईडिंग को खतरा हाथ सिग्नल दिखाकर संभावित खतरे से बचाया, रमाकांत ने गाडी संख्या 05325 मुम्बई स्पेशल में कोच से असामान्य आवाज से संभावित आग के खतरे से बचाया, संतोष मालगाड़ी को हाट एक्सेल के खतरे से बचाया, भूषण ने मालगाड़ी को व्हील जाम के खतरे से बचाया, ओम प्रकाश ने बीना में मालगाड़ी के एक्सल स्प्रिंग में आग के खतरे से बचाया, विनोद ने मालगाड़ी के असामान्य वैगन को संभावित घटना से बचाया, पुष्पेन्द्र और धर्मेन्द्र ने रेलवे ट्रैक पर वेल्डिंग क्रैक को समय रहते सूचित किया।

विकसित पोर्टल (हैसबोर्ड) पर कराएंगे अपलोड

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिए आठ आईएएस नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत प्रदेश के चयनित जिलों के लिए राज्य शासन की ओर से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला नोडल अधिकारी, भारत सरकार द्वारा निर्धारित टैम्पलेट्स अनुसार योजना के क्रियान्वयन के लिए अपने मार्गदर्शन में आवंटित जिलों की जिला कार्य योजना तैयार कराकर विकसित पोर्टल (डैसबोर्ड) पर अपलोड कराएंगे एवं जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित रूप से



प्रतीकात्मक फोटो

निगरानी एवं सघन अनुश्रवण करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालक अजय गुप्ता को उमरिया, विकअ, सह आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी समिति मनोज पुष्प को डिंडौरी, प्रबंध संचालक, मत्स्य महासंघ सुश्री निधि निवेदिता को अलीराजपुर, प्रबंध संचालक, कृषि विपणन बोर्ड सह आयुक्त मंडी कुमार पुरूषोत्तम को शहडोल, उप सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संतोष कुमार वर्मा को सीधी, सदस्य सचिव नीति आयोग ऋषि गर्ग को निवाड़ी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रोजगार गांरटी परिषद श्री अवि प्रसाद को टीकमगढ़ और उप सचिव, नर्मदा घाटी विकास राहुल धोटे को अनूपपुर का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जरूरी विषयों पर हुई विस्तृत-सार्थक चर्चा

# केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी से मिले छग के सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात की। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ में रेलवे से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों रेल सुविधाओं के विस्तार, नए रेल प्रोजेक्ट्स की प्रगति, और प्रगतिरत परियोजनाओं की पूर्णता के संबंध में विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने आग्रह किया कि स्वीकृत परियोजनाओं को



समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों, उद्योगों और व्यापारियों को बेहतर परिवहन सुविधाएँ मिल सकें। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे मंत्रालय छत्तीसगढ़ में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**प्रदेश में** प्राकृतिक सौंदर्य, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का है अद्भुत खजाना

# पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की प्रक्रिया में लाएं तेजीः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के पास प्राकृतिक सौंदर्य, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत खजाना है, जिसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलने से पर्यटन क्षेत्र को राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों का लाभ मिल सकेगा। इससे पर्यटन निवेश को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग का दर्जा मिलने पर होटल, रिसॉर्ट, एडवेंचर



टूरिज़्म, ट्रेवल सर्विसेज़ सहित पर्यटन से जुड़े अन्य क्षेत्रों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी (अनुदान सहायता), कर रियायतें और अन्य प्रोत्साहन उपलब्ध होंगे। इससे निजी निवेशकों का विश्वास भी बढ़ेगा और पर्यटन ढांचा और अधिक मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने मप्र में पर्यटन विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए बीते दिनों पर्यटन विभाग के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने की दिशा में ठोस और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पर्यटन विकास से जुड़ी प्रक्रियाओं को बनाएं सरल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि इस क्षेत्र में इंट्रेस्ट रखने वाले निवेशकों एवं उद्यमियों को सुगमता हो और मप्र को देश के प्रमुख पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस बड़े निर्णय से राज्य में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निवेशकों को राज्य की पर्यटन विकास नीति एवं प्रोत्साहन नियमों का भरपूर लाभ मिले।

राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

## मुख्यमंत्री से मिला पंचायत सचिव संगठन का प्रतिनिधिमंडल



सीएम से भेंट करता पंचायत सचिव संगठन का प्रतिनिधि मंडल।

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में पंचायत सचिव संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। मुख्यमंत्री को संगठन की ओर से आगामी माह जंबूरी मैदान भोपाल में राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया। संगठन के पदाधिकारीगण ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार में संगठन के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, पंचायत सचिव महासंघ के अध्यक्ष राजेश पटेल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह सहित सुरेश विश्वकर्मा, राजेंद्र चौधरी, रामबाबू दांगी, राम गोपाल विश्वकर्मा, रमेश दुबे, ओम प्रकाश शर्मा और महेश राठौर शामिल थे।

सीएस मॉनिटरिंग के बाद क्रेडाई भोपाल की टीसीपी डायरेक्टर के साथ बैठक

# मास्टर प्लान, धारा-16 और पार्किंग नॉर्म्स के साथ विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा



क्रेडाई की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रेडाई भोपाल का प्रतिनिधिमंडल, अध्यक्ष मनोज मीक के नेतृत्व में श्रीकांत भानोट, निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, से मुलाकात के लिए पहुंचा। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विष्णु खरे तथा क्रेडाई के सदस्य सुनील गुप्ता, शिवनव प्रधान और नमन अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में राजधानी के रियल एस्टेट, विकास योजना, नगर नियोजन एवं भोपाल विकास प्राधिकरण से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान पर चर्चा की और क्रेडाई ने हाल ही में संपन्न सीएस मॉनिटरिंग मीटिंग के आधार पर तैयार विस्तृत प्रतिवेदन निदेशक को सौंपा।

### समाधान लागू करने के प्रति गंभीरः भानोट

क्रेडाई द्वारा उठाए गए सभी तकनीकी, प्रक्रियागत एवं व्यवहारिक मुद्दों पर विभाग ने विस्तार से चर्चा हुई। निदेशक भानोट ने कई सुधारात्मक बिंदुओं पर सकारात्मक सहमति व्यक्त की और कहा कि विभाग व्यवहारिक समाधान लागू करने के प्रति गंभीर है। उन्होंने विभाग स्तर पर निराकरण योग्य विषयों को प्राथमिकता से निपटाने का आश्वासन दिया गया साथ ही शासन एवं संचालनालय स्तर के बिंदुओं पर भी निदेशक ने क्रेडाई के साथ सहयोग और समन्वय का भरोसा दिया।

### पार्किंग नॉर्म्स का राष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन निदेशक को सौंपा

मप्र की ओर से अध्यक्ष मनोज मीक ने क्रेडाई इंदौर द्वारा तैयार मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग्स के लिए पार्किंग नॉर्म्स का राष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन भी निदेशक को सौंपा, जो भविष्य में राज्य-स्तरीय पार्किंग मानकों को अधिक व्यावहारिक बनाने में सहायक होगा। इस उच्च-स्तरीय बैठक के पश्चात राजधानी में लंबित अनुमतियां, मास्टर प्लान संबंधी मुद्दे, धारा 16, भू-विकास नियम 2012 एवं 2025, एफएआर, पार्किंग नॉर्म्स, लो-डेंसिटी जोन, टीडीआर आदि से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर शीघ्र समाधान की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। क्रेडाई भोपाल ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर प्रदेश के शहरी विकास का प्रमुख स्तंभ है और सरकार की नीतियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने में डेवलपर समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री शर्मा ने एसआईआर को लेकर की बैठक

## मतदाता सूची शुद्धिकरण को जन-अभियान बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को सागर भाजपा कार्यालय में एसआईआर अभियान को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक संवैधानिक प्रक्रिया होने के साथ-साथ लोकतंत्र की सुरक्षा, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। एसआईआर अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़े और कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल चुनावों के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होने कहा कि एसआईआर केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला जन-अभियान है।

## बीएलओ एवं टीम का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अलीराजपुर नीतू माथुर के निर्देशन पर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में जुटे बीएलओ एवं अन्य जमीनी अमले का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कलेक्टर माथुर ने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों को तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, जिससे वे निर्विघ्न रूप से अपना कार्य कर सकें। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिए गए निर्देशों में कलेक्टर ने कहा कि सभी बीएलओ तथा सहयोगी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी कर्मचारी को कार्य के दौरान स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो और निर्वाचन प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कर्मचारियों के सामान्य स्वास्थ्य, रक्तचाप, शुगर स्तर तथा अन्य आवश्यक पैरामीटर की जांच की गई।

4 की हालत गंभीर, कार के परखच्चे उड़े

## आमने-सामने की भीषण टक्कर में 7 लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

मुख्य मार्ग पर सिटी सेंटर व ज्ञानी चौक के मध्य भयावह सड़क हादसा देखने को मिला। देर रात साढ़े 11 बजे विपरीत दिशा से आ रही कार के साथ तेज रफ्तार कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना के दौरान दोनों कार के भीतर बैठे 7 लोगों को चोटें आई है, जिसमें 4 की हालत गम्भीर है। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर करने की तैयारियां की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर का इस पूरे मामले पर कहना है कि हमारी टीम घटना की जानकारी मिलते ही टीम ने घटना स्थल पर पहुँच घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया और वाहनों को किनारे करवाया है।

### ये हुए घायल

सड़क दुर्घटना में गाड़ी मालिक सेवक भास्कर, हितेश नेताम व मिष्टि परते को मामूली चोटे आई है, वही कांकेर झुनियापारा की अलका परते के सिर में, अमिता कौड़ेती के पैर व कमर में और सिंगारभाट के ब्रम्हाचंद्र ठाकुर के सिर में गम्भीर चोट आई है। मामूली चोट आने पर तीन घायलों को छुट्टी दे दी है तो गम्भीर चोट आने वालों को भर्ती करवाया गया है और कुछ को हायर सेंटर रिफर किया गया है।

जादू-टोने के नाम पर हड़पे लाखों रुपए

## शातिर ठग गिरोह का पर्दाफाश घटना में महिलाएं भी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पुलिस ने पूजा-पाठ और जादू-टोना ठीक करने का झांसा देकर एक पीड़ित परिवार से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लकवाग्रस्त पति की पत्नी को डरा-धमकाकर नगदी और सोने-चांदी के आभूषणों समेत कुल 2,72,000 रुपए की ठगी की थी। मामला बालोद सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के झलमला गंगानगर क्षेत्र का है, जहां पीड़िता धनेश्वरी ठाकुर अपने लकवाग्रस्त पति के इलाज के लिए किराए के मकान में रहती हैं। पुलिस के अनुसार, तीज के समय आरोपी महिला तिखुर बेचने के बहाने पीड़ित के घर पहुँची थी। उसने पति की बीमारी देखकर कहा कि यह जादू-टोना है और वह अपने बैगा परिचित से पूजा-पाठ करवाकर इसे ठीक करवा देगी। कुछ दिनों बाद, रवि नेताम, रीना नेताम और पदमा मण्डावी नामक तीन आरोपी पीड़ित के घर पहुँचे और पूजा शुरू कर दी। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से कहा कि पूजा तभी फलित होगी जब घर का सारा पैसा और जेवरात चढ़ाओगे, अन्यथा अनर्थ हो जाएगा और पति के साथ कोई अनहोनी हो जाएगी।

वर्मा ने सवर्ण समाज को लेकर टिप्पणी की

# आरक्षण को लेकर आईएएस संतोष वर्मा की विवादित टिप्पणी पर सवर्ण समाज ने जाहिर की कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अजाक्स संगठन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा एक विवादित बयान देकर घिरते नजर आ रहे हैं। भोपाल में प्रांतीय अधिवेशन के दौरान वर्मा ने सवर्ण समाज को लेकर टिप्पणी की। इसको लेकर सवर्ण समाज ने कड़ी नाराजगी जताई है। इस बयान का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

इस बयान को मंत्रालय सेवा अधिकारी/कर्मचारी संघ ने अपमानजनक और अस्वीकार्य बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। रविवार को तुलसीनगर के सेकंड स्टॉप



स्थित आंबेडकर मैदान में हुए अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में संतोष वर्मा ने यह बयान दिया था।

### ब्राह्मण समाज करेगा आंदोलन

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्रा ने कहा कि वे ऐसे पढ़े लिखे अभ्रद व्यक्ति की घोर निंदा करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि वर्मा को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाना चाहिए। ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ की गई टिप्पणी पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। मिश्रा ने कहा कि आपराधिक मामला दर्ज नहीं होने और निष्कासित नहीं करने पर ब्राह्मण समाज पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा।

### अजाक्स अध्यक्ष के बयान की निंदा

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि कर्मचारी संगठन के मंच पर इस प्रकार की बयानबाजी से बचना चाहिए क्योंकि सभी कार्यालयों में सभी जाति और धर्म के लोग साथ मिलकर काम करते हैं। इस तरह के बयान से आपसी मदभेद बढ़ते हैं। आरक्षण देना सरकार का काम है। इसको लेकर कोर्ट में भी मामले चल रहे हैं। ऐसे में अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा दिए गए बयान की हम निंदा करते हैं।

गर्भवती होने के बाद अस्पताल में कराया प्रसव, बच्चा मृत घोषित

# शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण, बाद में किया शादी से इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

युवक-युवती मोबाइल पर बातचीत के जरिए करीब आए। युवक ने युवती को झांसे में लेकर दैहिक शोषण करना शुरू कर दिया। जब पीड़िता के पांव भारी हुए तो उसने अपनाने का आश्वासन दिया, लेकिन ऐनवक्त पर वह अपने वादे से मुकर गया। पीड़िता का स्थानीय अस्पताल में प्रसव कराया गया। दुखद पहलू तो यह है कि समय से पूर्व जन्मे नवजात ने महज तीन दिन बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की है। हरदीबाजार पुलिस चौकी अंतर्गत एक परिवार निवास करता है। इस परिवार के सदस्य शादी विवाह सहित अन्य कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हैं। करीब चार साल पहले उनके घर जांजगीर चांपा जिले के बलौदा थानांतर्गत डरगा बहरा में रहने वाला अरविंद ओग्रे पहुंचा। उसने परिजनों की गैर मौजूदगी में युवती से मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। इसके साथ ही दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। उनके बीच कुछ ही



दिनों में नजदीकी बढ़ गई। युवक चोरी छिपे घर पहुंचकर शादी का झांसा देते हुए युवती का दैहिक शोषण करने लगा। युवती के पांव भारी होने पर उसने अरविंद को जानकारी दी। वह युवती को बच्चे के साथ अपनाने का आश्वासन दे दिया, जिससे पीड़िता निश्चिंत थी। मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब 19 नवंबर को सात माह की गर्भवती युवती को प्रसव पीड़ा शुरू हो गया। उसे आनन-फानन प्रसव के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। इसकी जानकारी पीड़िता ने युवक को दी। उसने न सिर्फ बच्चा अपना होने से इंकार कर दिया, बल्कि उसने पीड़िता को अपनाने से भी मना कर दिया। जिससे हताश पीड़िता का अस्पताल में प्रसव कराया गया। चूंकि नवजात का जन्म समय से पूर्व हुआ था, लिहाजा वह कमजोर था। उसे स्थानीय अस्पताल के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां एसएनसीयू में नवजात का उपचार चल रहा था। 24 नवंबर की रात करीब 2.30 बजे नवजात ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन से मेमो मिलने पर पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। बहरहाल पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी कर मृत नवजात के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। युवक की राह में पीड़िता के परिजन रोड़ा बन रहे थे, जिससे निपटने युवक ने अनूठा तरीका खोज निकाला था। इस रहस्य का खुलासा परिजनों ने बातचीत के दौरान किया। उन्होंने बताया कि अरविंद पीड़िता को एक गोली देता था। वह गोली खाने में मिलाकर देने से शरीर स्वस्थ होने की बात कहता था। उसकी बातों में आकर बेटी खाने में नीद की गोली दे देती थी। वे खाना खाते ही गहरी नीद सो जाते थे। चौकी प्रभारी विश्व नारायण चौहान ने बताया कि बयान दर्ज किया गया है आगे की जांच करवाई की जा रही है।

# कनाडा में खालिस्तानी जनमत संग्रह, भारतीय उच्चायुक्त बोले- यह आपत्तिजनक

एजेंसी ⏭ ओटावा

कनाडा में हुए खालिस्तान जनमत-संग्रह को लेकर भारत ने सख्त रवैया अपनाया है। कनाडा में भारत के शीर्ष राजनयिक दिनेश पटनायक ने ओटावा में हुए इस जनमत संग्रह पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध ठीक है, लेकिन कनाडा को यह समझना चाहिए कि उसके ऐसे कदम का भारत पर कैसा असर पड़ेगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में ऐसे कदमों को कनाडा की दखलअंदाजी की तरह देखा जाता है। पटनायक ने रविवार को हुए इस जनमत-संग्रह को 'नाटक जैसा कार्यक्रम' बताया। उन्होंने कहा कि भारत को लोगों के राजनीतिक मांग उठाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

*कनाडा में भारत के शीर्ष राजनयिक दिनेश पटनायक ने ओटावा में हुए इस जनमत संग्रह पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध ठीक है, लेकिन कनाडा को यह समझना चाहिए कि उसके ऐसे कदम का भारत पर कैसा असर पड़ेगा*

**खालिस्तान जनमत-संग्रह पर भारत का सख्त रवैया**

**भारत में लोग इसे कनाडा की ओर से दखल मानते हैं**



कनाडा में भारत के राजदूत दिनेश पटनायक

## कनाडा इस पर ध्यान दे

पटनायक ने आगे कहा कि अगर आप करना चाहते हैं, तो करें, लेकिन समझें कि इसका असर केवल कनाडा तक सीमित नहीं रहता, भारत में भी चिंता बढ़ती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में लोग इसे कनाडा की ओर से दखल मानते हैं, जैसे कनाडाई लोग भारत की किसी राजनीतिक गतिविधि को दखल मान सकते हैं। इसलिए ओटावा को इस राजनीतिक प्रभाव पर ध्यान देना चाहिए।

### यह कार्यक्रम वास्तविक नहीं

पटनायक ने उदाहरण देते हुए बताया कि भारत में खुद कुछ राजनीतिक दल खालिस्तान की मांग उठाते हैं और उनके सांसद संसद में बैठे हैं, जिनमें से एक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या में दोषी ठहराए गए व्यक्ति का बेटा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कनाडा असली जनमत-संग्रह की प्रक्रिया जानता है, इसलिए उसे पता है कि यह कार्यक्रम वास्तविक नहीं है।

## हिंसक तस्वीरों पर जताई नाराजगी

इस दौरान पटनायक ने कार्यक्रम में लगाए गए हिंसक तस्वीरों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वहां पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की तस्वीरें और एक पूर्व पंजाब मुख्यमंत्री को मारने वाले आत्मघाती हमलावरों को महिमामंडित करने वाले पोस्टर लगाए गए जो बहुत आपत्तिजनक है और भारत में लोगों को गहरा दुख पहुंचाता है।

### भारतीय तिरंगे का अपमान किया

*बता दें, कनाडा के ओटावा में रविवार को खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) द्वारा आयोजित अनौपचारिक 'खालिस्तान जनमत संग्रह' के दौरान भारतीय तिरंगे का अपमान किया गया। इसमें हजारों कनाडाई सिखों ने भाग लिया जहां 'मार डालो' के भड़काऊ नारे लगाए गए। ओटावा के मैकनैब कम्युनिटी सेंटर (180 पर्सी स्ट्रीट) में 23 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चली इस कथित 'जनमत संग्रह' प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कनाडा के विभिन्न प्रांतों- ओन्टारियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक से 53000 से अधिक खालिस्तान समर्थक आए थे।*

## मुद्दे की संवेदनशीलता को समझे कनाडा

पटनायक ने कनाडा को समझाने के लिए उदाहरण देते हुए कहा सोचिए अगर कोई दूसरा देश क्यूबेक के मुद्दे पर ऐसा कार्यक्रम करे, तो आपको कैसा लगेगा? उन्होंने साफ किया कि उनका मकसद किसी को नाराज करना नहीं है, बल्कि इस मुद्दे की संवेदनशीलता समझाना है। बता दें कि क्यूबेक ने 1980 और 1995 में कनाडा से अलग होने पर जनमत-संग्रह करवाए थे, जिन्हें जनता ने खारिज कर दिया। पटनायक ने कहा कि इससे समझ आता है कि ऐसे मुद्दे कितने संवेदनशील होते हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### 106 किमी पैदल चला चीनी ह्यूमनॉइड रोबोट

**बीजिंग।** चीन में तैयार किए गए एक एडवांस ह्यूमनॉइड रोबोट ने इतिहास रच दिया है। इस रोबोट ने तीन दिनों में 100 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पैदल तय कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यह अब तक किसी ह्यूमनॉइड मशीन द्वारा की गई सबसे लंबी पैदल यात्रा है। एजीबॉट ए2 नाम का यह रोबोट 10 से 13 नवंबर के बीच शंघाई में कुल 106.286 किमी चला। रोबोट को गिरने से बचाने और लगातार काम करने के लिए ऑप्टिमाइज किया गया है। अगस्त में इस रोबोट ने 40 सेंटीग्रेड गर्मी में 24 घंटे की नॉन-स्टॉप वॉक भी पूरी की थी।



### गूगल मैप में शुरू हुआ हैंड्स-फ्री नेविगेशन

**नई दिल्ली।** गूगल मैप्स अब जैमैनी एआई की मदद से और भी स्मार्ट हो चुका है। अब यूजर्स ड्राइविंग के दौरान बिना स्क्रीन छुए सवाल पूछ सकेंगे। जैसे की उन्हें यह जानने में मदद मिलेगी कि करीबी पेट्रोल पम्प कहां है? और आस-पास पार्किंग उपलब्ध है? यह फीचर गूगल कैलेंडर के जीमेल से कनेक्ट होकर रिमांडर तक सेट कर सकता है। यानी कि अब बातचीत के जरिए यूजर मैप्स के साथ पूरा सफर कंट्रोल कर सकेंगे। फिलहाल यह फीचर गुरुग्राम, साइबराबाद, चंडीगढ़, फरीदाबाद जैसे शहरों में उपलब्ध है।



### यमन में सैन्य काफिले पर हमला, 5 की मौत

**अदन।** बंदूकधारियों ने सोमवार को ताइज प्रांत के गवर्नर के काफिले पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम पांच सुरक्षा अधिकारी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। प्रांत के प्रवक्ता मोहम्मद अब्देल-रहमान ने बताया कि ताइज को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली एक प्रमुख सड़क पर नबील शमसान को निशाना बनाकर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में दो हमलावर मारे गए। किसी भी समूह ने हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। गवर्नर के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा और सैन्य बल इस हमले के दोषियों का पता लगा रहे हैं।



### पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो की कैद बरकरार

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो द्वारा नजरबंदी के दौरान अपने 'एंकल मॉनिटर' को तोड़ने की कोशिश करने की बात स्वीकार करने के बाद उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उनकी कैद को बरकरार रखा। 'एंकल मॉनिटर' टखने पर लगाए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते हैं जिनका उपयोग अदालतों द्वारा निगरानी के लिए किया जाता है, ताकि किसी व्यक्ति के स्थान और गतिविधियों पर नज़र रखी जा सके। इन्हें अक्सर कारावास (जेल भेजने) के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।



---

## शांति समझौते की वार्ता के बीच पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर फिर किया हमला

# नागरिकों को बनाया निशाना, बमबारी में 9 बच्चों समेत 10 की मौत, 4 घायल

**अफगानिस्तान बोला- सही समय पर जवाब देंगे**

एजेंसी ⏭ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच छिड़ा संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर शांति समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। दूसरी ओर पाकिस्तान आए दिन अफगानिस्तान के नागरिकों को निशाना बनाकर बमबारी करने में लगा हुआ है। पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान में घुसपैठ कर सोमवार की देर रात को हमले को अंजाम दिया।

अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को बताया कि इन हमलों में नौ बच्चों और एक शख्स की मौत हो गई। अफगान सरकार के प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि बीती रात करीब 12 बजे खोस्त प्रांत के गोरबुज जिले के मुगलगई इलाके में पाकिस्तानी हमलावर सैन्यबलों ने एक घर पर बमबारी की।

इस हमले में एक स्थानीय नागरिक वलीयत खान की मौत हो गई। साथ ही पांच लड़के और चार लड़कियों की मौत हो गई। एक अन्य पोस्ट में मुजाहिद ने कहा कि कुनार और पक्तिका इलाकों में भी पाकिस्तान की ओर से एयरस्ट्राइक की गई है। इन हमलों में चार नागरिक घायल हुए हैं।

अफगानिस्तान ने बताया कि सोमवार रात करीब 12 बजे खोस्त प्रांत के गोरबुज जिले के मुगलगई इलाके में पाकिस्तानी हमलावर सैन्यबलों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में एक स्थानीय नागरिक वलीयत खान की मौत हो गई। साथ ही पांच लड़के और चार लड़कियों की मौत हो गई

**ये हमले पाकिस्तान के सैन्य शासन की नाकामी का सबूत**

**पाक को मिल रही गलत गुप्त सूचनाओं से बढ़ रहा तनाव**


पाकिस्तान के हमले में तबाह घर

### धैर्यपूर्ण और यथार्थवादी कूटनीति एक बेहतर विकल्प

*अफगानिस्तान में अमेरिका के पूर्व राजदूत जालमे खलीलजाद ने पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की हत्या और व्यापक युद्ध का जोखिम उठाना पाक और अफगानिस्तान की दिक्कतों का हल नहीं है। उन्होंने कहा कि धैर्यपूर्ण और यथार्थवादी कूटनीति एक बेहतर विकल्प है। पूर्व राजदूत जालमे खलीलजाद ने बताया कि ऐसी खबरें हैं कि तुर्किए का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद और काबुल का दौरा करेगा, ताकि दोनों देशों के बीच समझौता कराया जा सके। इस समझौते के बाद अंकारा में एक निगरानी कार्यालय बन सकता है।*


पूर्व राजदूत जालमे खलीलजाद

**पूर्व राष्ट्रपति ने हमले की निंदा की**

अफगानिस्तान के पूर्व प्रेसिडेंट हामिद करजई ने एयरस्ट्राइक की कड़ी निंदा की है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने पाकिस्तान से अफगानिस्तान के साथ इंटरनेशनल प्रिंसिपल्स और अच्छे पड़ोसी की नींव पर रिश्ते बनाने, दूर की सोच के साथ काम करने, और नुकसान पहुंचाने वाली और दुश्मनी वाली पॉलिसी दोहराने से बचने की अपील की।

**नियमों का उल्लंघन किया**


*प्रवक्ता मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए एयरस्ट्राइक अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नियमों और सिद्धांतों का साफ उल्लंघन है। पाकिस्तानी सेना की इन दुश्मनी भरी कार्रवाइयों से कुछ हासिल नहीं होता। वे सिर्फ़ यह साबित करते हैं कि गलत गुप्त सूचना से चलाए जा रहे ऑपरेशन तनाव बढ़ाते हैं और पाकिस्तान के सैन्य शासन की चल रही नाकामियों को सामने लाते हैं। हम उल्लंघन और हमले की कड़ी निंदा करते हैं।*


जुबीहुल्लाह मुजाहिद

---

**'समुद्र उत्कर्ष' कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री**

## नौसेना के सभी जहाज भारतीय शिपयार्ड्स में ही तैयार हो रहे


कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के 262 विभिन्न प्रोजेक्ट डिजाइन एवं विकास परियोजनाएं उन्नत चरणों में पहुंच चुकी हैं। खास बात यह है कि जहाज निर्माण व नौसेना की यह अन्य सभी परियोजनाएं स्वदेशी रूप से विकसित की गई हैं। यह बदलाव भारत की बढ़ती रक्षा आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण हैं।

नौसैनिक क्षमता व स्वदेशीकरण की यह जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी। वह मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 'समुद्र उत्कर्ष' कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने समुद्री विरासत पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। 'समुद्र उत्कर्ष' सेमिनार के आयोजन का उद्देश्य भारत की उभरती हुई जहाज निर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित करना है।

### 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से हो रहा

रक्षा मंत्री ने भारत की समुद्री यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि लोथल के प्राचीन बंदरगाहों से लेकर मुंबई, गोवा, विशाखापत्तनम, कोलकाता और कोचीन के आधुनिक शिपयार्डों तक का सफर भारत की तकनीकी प्रगति और धैर्य का प्रतीक है। भारत की समुद्री निर्भरता अत्यधिक है। देश के 95 प्रतिशत व्यापार (वॉल्यूम) और लगभग 70 प्रतिशत व्यापार (वैल्यू) समुद्री मार्गों से ही होता है। हिंद महासागर में भारत की सामरिक स्थिति और 7,500 किमी की विस्तृत तटरेखा इसे वैश्विक व्यापार में एक महत्वपूर्ण शक्ति बनाती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसके इंटीग्रेटेड, एंड-टू-एंड शिपबिल्डिंग इकोसिस्टम में निहित है, जहां डिजाइन, मॉड्यूलर निर्माण, फिटिंग, मरम्मत और जीवन-चक्र समर्थन तक हर प्रक्रिया स्वदेशी तकनीक से संचालित है।

### समुद्र आर्थिक और संवाद का सेतु

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह पीएम नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विश्व के समुद्री इतिहास पर भारत की गहरी छाप है। हमारे पूर्वजों ने समुद्रों को बाधा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक संवाद के सेतु के रूप में इस्तेमाल किया। आज इस विरासत का सम्मान करते हुए भारत आगे बढ़ने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।

---

**शंघाई में भारतीय महिला का उत्पीड़न**

## सीएम खांडू बोले- विदेश मंत्रालय चीन से करे बात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने मंगलवार को चीनी आव्रजन अधिकारियों की निंदा की। खांडू ने राज्य की एक महिला के साथ किए गए व्यवहार को अस्वीकार्य और भयावह बताया।

पश्चिमी कामेंग जिले के रूपा की निवासी पेमा वांगजोक फिलहाल ब्रिटेन में रहती हैं। महिला को शंघाई पुडोंग हवाई अड्डे पर करीब 18 घंटे तक हिरासत में रखा गया, क्योंकि अधिकारियों ने कथित तौर पर उसका भारतीय पासपोर्ट पहचानने से इनकार कर दिया था।


महिला थोंगडोक व सीएम पेमा खांडू

सीएम खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। उन्हें भरोसा है कि विदेश मंत्रालय इस मामले को तत्काल उठाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

---

**चीन की अमेरिका को दो टूक**

## जिनपिंग बोले- ताइवान की 'चीन में वापसी' बीजिंग की स्पष्ट नीति

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सोमवार को फोन पर लंबी बातचीत हुई, जिसमें जिनपिंग ने ताइवान पर चीन के अधिकार का मुद्दा उठाया।


डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग

इस पर ताइवान के पीएम ने प्रतिक्रिया दी। वहीं, मंगलवार को जापान की पीएम साने ताकाइची और ट्रंप की बातचीत भी सुर्खियों में रही। जिनपिंग ने ट्रंप से कहा कि ताइवान की 'चीन में वापसी' बीजिंग की स्पष्ट नीति और युद्धोत्तर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का हिस्सा है। वहीं, ताइवान के पीएम चू जंग ताई ने जिनपिंग के विचार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ताइवान के 2.3 करोड़ लोगों के लिए किसी वापसी का विकल्प ही नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उनका देश स्वतंत्र है। जापानी मीडिया ताइवान पर ट्रंप की चुप्पी पर सवाल खड़े कर रहा है।

---

## 14,000 फीट की ऊंचाई पर मार्शल आर्ट


**गंगटोक।** सेना की त्रिशक्ति कोर के सैनिक सिक्किम में 14,000 फीट की ऊँचाई पर आर्मी मार्शल आर्ट्स रूटीन (अमर) प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हुए, दुर्गम भूभागों में निकट-युद्ध की तैयारी को मजबूत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण सजगता, सहनशक्ति और निकट-क्षेत्र की तत्परता को मजबूत करता है। अमर एक आधुनिक युद्ध प्रणाली है जो पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट और विश्व स्तर पर सिद्ध निकट-युद्ध तकनीकों का मिश्रण है। इस प्रणाली में नंगे हाथों से युद्ध, हथियार-आधारित युद्ध, तनाव प्रतिक्रिया नियंत्रण और व्यापक शारीरिक एवं मानसिक अनुकूलन शामिल हैं, जिन्हें उच्च-ऊंचाई वाले अभियानों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

---

**दिल्ली बम धमाके में सुरक्षा एजेंसियों का चौंकाने वाला खुलासा**

# हमास की तरह साजिश रच रहा था आतंकी मॉड्यूल, वीडियो से पुष्टि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लालकिले बम धमाके मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। एनआईए को ऐसे वीडियो मिले हैं जो आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच गहरे रिश्तों को उजागर करते हैं।

सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों का कहना है कि इस साजिश की कहानी फरवरी में लिखी गई थी और अब ये नेटवर्क बेनकाब हो रहा है। दिल्ली धमाके की जांच में पता चला कि जैश-ए-मोहम्मद का सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल हमास की रणनीति अपना रहा है। इसके कश्मीर से हरियाणा समेत कई राज्यों में नेटवर्क फैला हुआ था।

**कश्मीर से हरियाणा समेत कई राज्यों में फैला जाल | जैश-ए-मोहम्मद और हमास के रिश्ते उजागर**


दिल्ली में लाल किले के पास बम धमाका फाइल फोटो

### अल-फलाह के लॉकर की हो रही जांच

*अल-फलाह यूनिवर्सिटी के कई डॉक्टर व स्टॉफ यहां से गायब हैं। ऐसे में जांच एजेंसी की ओर से यहां डॉक्टरों व स्टॉफ के लॉकर की जांच की जा रही है कि कहीं कोई सबूत तो अपने लॉकरों में छुपाकर ये लोग यहां से नहीं भाग गए हैं।*

### हमास की रणनीति से काम कर रहे

जानकारों के अनुसार हथियारों के लिए ड्रोन का इस्तेमाल और अस्पतालों को आर्म्स स्टोरेज के रूप में उपयोग करना हमास के टेरर मैनुअल से मेल खाता है। एजेंसियों की मानें तो हमास की रणनीति का इस्तेमाल करने वाला जैश का सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल कोई संयोग नहीं है। ड्रोन को हथियार बनाने से लेकर अस्पतालों में हथियार रखने तक सब कुछ हमास की आतंकी पुस्तिका से लिया गया लगता है।

### बुरहान वानी का उत्तराधिकारी बनना चाहता था उमर

दिल्ली ब्लास्ट मामले के मुख्य आरोपियों में से एक डॉ. उमर उन नबी कश्मीर में बुरहान वानी और जाकिर मूसा का उत्तराधिकारी बनना चाहता था। फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल में पकड़े गए सभी आतंकी अल-कायदा की विचारधारा से प्रभावित थे, जबकि उमर आईएसआईएस और जैश की विचारधारा से प्रभावित था।


डॉ. उमर उन नबी

---

**यूक्रेन पर रूस का सिलसिलेवार हमला**

## 6 की मौत, कई घायल, शहर में पानी और बिजली आपूर्ति ठप

एजेंसी ⏭ कीव

रूस द्वारा मंगलवार को यूक्रेन में इमारतों और ऊर्जा संरचनाओं को निशाना बनाकर किए गए सिलसिलेवार हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी। वहीं यूक्रेन द्वारा दक्षिणी रूस में किए गए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घरों को नुकसान पहुंचा।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजधानी कीव के कुछ हिस्सों में पानी और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कीव के पूर्वी जिले द्निप्रोव्स्की में नौ मंजिला एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगी। मेयर विटाली क्लित्स्को ने बताया कि द्निप्रोव्स्की में दो लोग मारे गए व पांच घायल हुए जबकि मध्य पेचेर्स्क जिले में एक अन्य आवासीय इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।


कीव में हमले के बाद बचाव अभियान

# हार्दिक की वापसी, आईपीएल नीलामी से पहले घरेलू खिलाड़ियों को चमकने का मौका

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद

चोट के बाद वापसी कर रहे हार्दिक पंड्या पर बुधवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में सभी की नजरें होंगी जबकि प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर आईपीएल की नीलामी से पहले अच्छा प्रदर्शन करके ध्यान खींचना चाहेंगे।

हार्दिक ने सितंबर में एशिया कप के दौरान चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। फरवरी मार्च में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले हार्दिक सिर्फ टी20 प्रारूप ही खेलेंगे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 दिसंबर से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का उनके पास यह टूर्नामेंट ही एक मौका है। टूर्नामेंट हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेला जाएगा।

- आज से शुरू हो रहा सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट
- हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेले जाएंगे मैच




## सूर्यकुमार खेलेंगे मुंबई के लिए ग्रुप मैच

शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। बड़ौदा की टीम 8 दिसंबर तक सात ग्रुप मैच खेलेगी और मुख्य कोच मुकुंद परमार को पंड्या के अधिकांश मैचों में खेलने की उम्मीद है। परमार ने कहा, 'वह अभी टीम से जुड़ा नहीं है लेकिन हमें उम्मीद है कि वह अधिकांश मैच खेलेगा। उसकी मौजूदगी से टीम का मनोबल बढ़ेगा।' कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई के लिए अधिकांश ग्रुप मैच खेलेंगे। शिवम दुबे भी मुंबई टीम का हिस्सा है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को तमिलनाडु का कप्तान बनाया गया है, जो ग्रुप चरण में खेलेंगे। केरल के कप्तान संजू सैमसन भी ग्रुप चरण में नजर आएंगे।

## बेहतर प्रदर्शन पर पराग और अय्यर की नजरें

एक समय भारतीय क्रिकेट में भविष्य का सितारा माने जा रहे पृथ्वी साव को पिछले साल नीलामी में किसी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा था। अब वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए नहीं बल्कि महाराष्ट्र के लिए खेलते हैं।वह भी अच्छा प्रदर्शन करके वापसी का दावा ठोकना चाहेंगे। नीतिश राणा दिल्ली की कप्तानी करेंगे। असम के कप्तान रियान पराग और मध्यप्रदेश के वेंकटेश अय्यर की नजरें भी बेहतर प्रदर्शन पर होंगी। अय्यर को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया है।

## टी20 विश्वकप 2026 का ऐलान

# भारत-श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित टी20 विश्व कप 2026 का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा, जो इस साल के एशिया कप के गरमागरम मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत होगी। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे, जिसमें 20 टीमें भाग लेंगी और टूर्नामेंट का प्रारुप अपरिवर्तित रहेगा। भारत और पाकिस्तान अगले साल 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में आमने-सामने होंगे। टूर्नामेंट के कार्यक्रम के अनुसार, जिसका अनावरण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को मुंबई में करेगी। इस साल के एशिया कप के दौरान भारत के जीते गए तीन गरमागरम मैचों के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में मैदान के अंदर और बाहर काफी विवाद भी देखने को मिला था। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा और भारत का तीसरा मैच होगा। भारत और पाकिस्तान को अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप में रखा गया है।

### भारत का पहला मैच 7 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ

भारत अपने अभियान की शुरुआत टूर्नामेंट के पहले दिन 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 'मेन इन ब्लू' 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मुकाबले के लिए दिल्ली रवाना होगा। टूर्नामेंट का 2026 संस्करण 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो या कैंडी में खेलेगा। टूर्नामेंट का प्रारुप अपरिवर्तित है, जिसमें 20 टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक में पाँच टीमें होंगी। भारत गत चैंपियन है, जिसने बारबाडोस में 2024 संस्करण के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

### फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा

प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहाँ टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। यदि भारत सुपर आठ चरण में पहुंचता है, तो उसके तीन सुपर आठ मुकाबले अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो उसका सेमीफाइनल मुंबई में होगा। अन्य सेमीफाइनल स्थान कोलंबो या कोलकाता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान या श्रीलंका क्वालीफाई करते हैं या नहीं। फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। लेकिन यदि पाकिस्तान खिताबी मुकाबले में पहुँचता है, तो इसे कोलंबो में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है।

### भारत और श्रीलंका के अलावा, 18 टीमें

अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, जिम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात।

## खबर संक्षेप



### नागल ने झांग को हराया क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेंगडू।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के मिंगुइ झांग को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन एशिया पेसीफिक वाइल्ड कार्ड प्लेआफ के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त नागल ने 2-6, 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। नवंबर 24 से 29 तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलियाई ओपन 2026 के मुख्य ड्रॉ के लिए पुरुष और महिला एकल विजेता को वाइल्ड कार्ड मिलेंगे। नागल को शुरूआत में चीन का वीजा लेने में दिक्कत आई। उनका आवेदन खारिज होने के बाद उन्हें चीनी अधिकारियों से सार्वजनिक तौर पर अपील करनी पड़ी। बाद में मसला सुलझने पर वह यहां आ सके। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त बू युंचाओकेते और जिजियांग यांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### बल्लेबाजों की नाकामी कोच की गलती नहींः रैना

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने आलोचनाओं से घिरे राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा है कि घरेलू टेस्ट मैचों में टीम के हालिया खराब



प्रदर्शन के लिए सहयोगी स्टाफ को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि खिलाड़ियों को नतीजों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। रैना ने कहा, 'गौती भैया (गौतम गंभीर) ने बहुत मेहनत की है और इसमें (टेस्ट टीम की मौजूदा स्थिति) उनकी कोई गलती नहीं है। खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी और अच्छा खेलना होगा। उनके नेतृत्व में हम सीमित ओवरों के प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां हमने इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और दुबई में एशिया कप जीता था।' रैना ने कहा, 'रन तो खिलाड़ियों को ही बनाने होंगे। कोच मार्गदर्शन और सलाह ही दे सकता है।' रैना ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि घरेलू टेस्ट मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण मुख्य कोच के रूप में गंभीर का भविष्य खतरे में है।

### भारत की मेजबानी हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, फैसला आज




**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी अधिकार हासिल करने को लेकर आश्वस्त भारत की बोली को ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा में औपचारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी, जो देश की वैश्विक बहु-खेल केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी योजना में मील का पत्थर साबित होगा। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा, जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है। आम सभा में राष्ट्रमंडल खेल बोर्ड की सिफारिशों पर मुहर लगाने की औपचारिकता पूरी की जाएगी।

## साउथ अफ्रीका ने 260/5 के स्कोर पर घोषित की दूसरी पारी, भारत के 27/2

# भारत के खिलाफ इतिहास में 5वीं बार 500 से ज्यादा की बढ़त, मिला 549 रन का मुश्किल लक्ष्य

एजेंसी ▸▸| गुवाहाटी

जिस पिच की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल प्रवृत्ति का दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया ,उस पर भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी जूझते हुए नजर आए, जिससे उनकी टीम पर दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बड़ी हार का खतरा मंडराने लग गया है। दो मैच की श्रृंखला में पहले ही पीछे चल रहे भारत ने 549 रन के लगभग असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए मंगलवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 15.5 ओवर में दो विकेट पर 27 रन बनाए हैं और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे अब 522 रन की जरूरत है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 5वीं बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ 500 से ज्यादा रन की बढ़त हासिल की। जबकि 2006 कराची टेस्ट में पाकिस्तान के बाद यह पहली बार है।

### स्टब्स ने खेली शानदार पारी

दक्षिण अफ्रीका में इससे पहले अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की। उसका आकर्षण ट्रिस्टन स्टब्स की पारी रही। इस युवा बल्लेबाज ने 180 गेंद का सामना करके 94 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने टोनी डि जॉर्जी (68 गेंद पर 49) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन और वियान मुल्डर (69 गेंद पर नाबाद 35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत 201 रन ही बना पाया था।




### साउथ अफ्रीका की बढ़त

मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने 260 रन और बनाकर अपनी बढ़त को बढ़ा दिया। साउथ अफ्रीका ने 26/0 से आगे खेलते हुए चौथे दिन के खेल की शुरुआत की। रयान रिकेल्टन और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी के बीच 59 रन की पार्टनरशपि हुई। रवींद्र जडेजा ने रिकेल्टन को सिराज के हाथों कैच आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ दिया। वो 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जडेजा ने मार्करम की पारी को 29 रन पर रोक दिया। फिर वाशिंगटन सुंदर ने कप्तान टेंबा बवुमा को तीन पर आउट करके साउथ अफ्रीका को 77 रन पर तीन झटके दे दिए।

**स्कोर बोर्ड**

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489
भारत पहली पारी: 201

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का सिराज बो जडेजा | 35 | 64 | 4 | 0 |
| मारक्रम बो जडेजा | 29 | 84 | 3 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 94 | 180 | 9 | 1 |
| बावुमा का रेड्डी बो वाशिंगटन | 03 | 11 | 0 | 0 |
| जॉर्जी पगबाधा बो जडेजा | 49 | 68 | 4 | 1 |
| वियान मुल्डर नाबाद | 35 | 69 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 15, कुल: 78.3 ओवर में 260/5 रन पर पारी घोषित
गेंदबाजी: बुमराह 6-0-22-0, सिराज 5-1-19-0, जडेजा 28.3-3-62-4, कुलदीप 12-0-48-0, वाशिंगटन 22-2-67-1, जायसवाल 1-0-9-0, रेड्डी 4-0-24-0

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेन बो यानसेन | 13 | 19 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 06 | 30 | 0 | 0 |
| सुदर्शन खेल रहे हैं | 02 | 25 | 0 | 0 |
| यादव खेल रहे हैं | 04 | 22 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 15.5 ओवर में दो विकेट पर: 27 रन
गेंदबाजी: यानसेन 5-2-14-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 3.5-2-1-1, महाराज 3-1-5-0

### भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती

भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती है लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उसके दोनों सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13) और केएल राहुल (06) दस ओवर और 21 रन के अंदर पवेलियन में विराजमान थे। जायसवाल ने पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन की तेजी से उठती गेंद पर कट करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दिया जबकि राहुल ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर पूरी तरह से गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। दिन का खेल समाप्त होने के समय साई सुदर्शन दो और नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव चार रन पर खेल रहे थे। पिच पर दरार पड़ गई हैं, जिससे स्पिन गेंदबाजों को टर्न मिलना शुरू हो गया है। ऐसे में अगर भारत हार्मर एंड कंपनी के सामने मैच बचाने में सफल रहता है तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

### जडेजा ने बनाया रिकॉर्ड

रवींद्र जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इतिहास रच दिया है। वह अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के खास क्लब में शामिल हो गए हैं। गुवाहाटी में चौथे दिन के खेल के सुबह के सेशन में दो विकेट लेकर जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अपने विकेटों की संख्या 50 तक पहुंचा दी। वह कुंबले, जवागल श्रीनाथ, हरभजन सिंह और अश्विन के बाद पांचवे ऐसे भारतीय बॉलर हैं, जिन्होंने टेस्ट में कम से कम 50 साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को आउट किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ जडेजा का 11वां टेस्ट है और 19 पारी में उन्होंने अब तक 50 विकेट लिए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड कुंबले के नाम है। अपने 18 साल के टेस्ट करियर में महान स्पिनर ने प्रोटियाज के खिलाफ 21 टेस्ट खेले और 84 बल्लेबाजों को आउट किया। उनके बाद 13 मैचों में 64 विकेट के साथ जवागल श्रीनाथ दूसरे नंबर पर, हरभजन सिंह 11 मैचों में 60 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर और आर अश्वनि 14 मैचों में 57 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं।

# सैयद मोदी इंटरनेशनल : मलेशिया की जोड़ी को हराकर गायत्री-त्रीशा दूसरे दौर में

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। भारत बी की प्रतियोगिता में यह पहली जीत है। इससे पहले टीम ने अफगानिस्तान और भारत ए के खिलाफ अपने तीनों मैच गंवाए थे। त्रिवेदी के अलावा कप्तान आरोन जॉर्ज (42), बीके किशोर (नाबाद 29) और दीपेश दीपेंद्रन (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली, जिससे भारत बी ने 11 गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले जॉर्ज ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, जिसने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से उजेईल्लाह नियाजेई ने सर्वाधिक 96 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया।




## जूनियर हॉकी विश्व कप में स्पेन, जापान को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**मदुरै।** दो बार की कांस्य पदक विजेता स्पेन को जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है और उनके कोच ने कहा कि टीम पूरी तैयारी के साथ उतरी है। स्पेन और आस्ट्रिया की टीमें पहुंची जबकि जापान और चिली की टीमें चेन्नई पहुंची हैं। स्पेन के कोच ओरियोल पुइग टोरास ने कहा,' हम काफी रोमांचित हैं और इतने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर गौरवान्वित भी। हमारी तैयारियां अच्छी चल रही है और मेरा मानना है कि हमारे पास शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम है।' स्पेन ने 2003 कुआलालम्पुर जूनियर विश्व कप में भारत को हराकर कांस्य पदक जीता था। स्पेन को पूल डी में बेल्जियम, नामीबिया और मिस्र के साथ रखा गया है। वह शुक्रवार को मिस्र से पहला मैच खेलेंगे।

# भारत-बी ने अफगानिस्तान को हराया, त्रिवेदी ने जड़ा अर्धशतक

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। भारत बी की प्रतियोगिता में यह पहली जीत है। इससे पहले टीम ने अफगानिस्तान और भारत ए के खिलाफ अपने तीनों मैच गंवाए थे। त्रिवेदी के अलावा कप्तान आरोन जॉर्ज (42), बीके किशोर (नाबाद 29) और दीपेश दीपेंद्रन (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली, जिससे भारत बी ने 11 गेंद




शेष रहते आठ विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले जॉर्ज ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, जिसने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन बनाए।

अफगानिस्तान की ओर से उजेईल्लाह नियाजेई ने सर्वाधिक 96 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। उजेईल्लाह ने उस पर मोर्चा संभाला जब अफगानिस्तान की टीम 25वें ओवर में 78 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

## गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग की नीलामी

# दीप्ति, क्रांति और चरणी पर बरस सकती है बड़ी धनराशि

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

लॉरा वोलवार्ट और भारत की विश्व कप में जीत की नायिका दीप्ति शर्मा सहित कई शीर्ष अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे जबकि घरेलू खिलाड़ी क्रांति गौड़ और श्री चरणी को भी मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद है।

कुल 277 खिलाड़ी (194 भारतीय और 83 विदेशी) पहली बार होने वाली इस मेगा नीलामी का हिस्सा होंगे। पांच टीमें अधिकतम 73 स्थानों को भरने की कोशिश करेंगी, जिनमें 50 भारतीय और 23 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे। कम से कम 15 और अधिकतम 18 खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं।

**277 खिलाड़ी होंगे डब्ल्यूपीएल की मेगा नीलामी का हिस्सा**







### भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग

वनडे विश्व कप जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग होगी। टूर्नामेंट की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा पर अच्छी बोली लगने की संभावना है। उन्हें विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद यूपी वॉरियर्स ने रिलीज कर दिया था। अगर क्रांति और चरणी जैसी युवा खिलाड़ी धनराशि के मामले में दीप्ति की बराबरी कर ले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इन दोनों ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके प्रभावित किया था।

### हरलीन, रेणुका और स्नेह नीलामी का हिस्सा

*हरलीन देओल, रेणुका सिंह और स्नेह राणा भी नीलामी का हिस्सा हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर दांव लगने के संभावना है उनमें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, उनकी हमवतन अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वोलवार्ट शामिल हैं। सि फ एक खिलाड़ी को रिटेन करने के बाद यूपी वॉरियर्स के पास नीलामी में सबसे अधिक राशि (14.5 करोड़ रुपए) है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास सबसे कम राशि (5.70 करोड़) है।*

# अजलन शाह कप : भारत ने किया डटकर मुकाबला, बेल्जियम जीता



एजेंसी ▸▸| इपोह

भारत ने बारिश से प्रभावित सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के मैच में डटकर मुकाबला किया लेकिन आखिर में वह बेल्जियम से 2-3 से हार गया। भारत के लिए अभिषेक (33वें मिनट) और शिलानंद लाकड़ा (57वें) ने, जबकि बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17वें और 57वें) और निकोलस डी केर्पेल (45वें) ने गोल किए। डिफेंडर संजय की अगुवाई में भारत ने छह टीमों की प्रतियोगिता में रविवार को तीन बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ पहला मैच 1-0 से जीता था। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। इसके बाद उसने जल्द ही दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल कर लिया। लेकिन दोनों अवसरों पर भारतीय रक्षापंक्ति ने डटकर मुकाबला किया और सुनिश्चित किया कि पहले क्वार्टर के अंत तक वे बराबरी पर रहें। भारतीय गोलकीपर पवन ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन वह 17वें मिनट में रोमन डुवेकोट को गोल करने से नहीं रोक पाए, जिससे बेल्जियम ने बढ़त हासिल कर ली।

## अंतरिम सेवा के लंबे वर्षों को बाहर रखने जाने के रवैये को चुनौती का मामला

# पेंशन विवाद पर सेवानिवृत्त प्रशिक्षण अधिकारियों की याचिका पर नोटिस

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने तीन सेवानिवृत्त प्रशिक्षण अधिकारियों की याचिका पर राज्य सरकार, तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास विभाग को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ताओं ने सरकार के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी लाभों की गणना से उनकी अंतरिम सेवा के लंबे वर्षों को बाहर रखा गया है।

याचिकाकर्ता महेश कुमार सोलंकी, नियामत उल्ला कुरैशी और किशोर कुमार कनौजिया की ओर से दलील दी गई कि यह कदम विद्वेषपूर्ण भेदभाव के समान है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत समता के उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ताओं ने सरकार की उस स्थिति पर सवाल उठाया है जिसमें एक ओर तो कनिष्ठ अधिकारियों कैबिनेट के फैसले के आधार पर अंतरिम सेवा की गणना कर पेंशन लाभ दिया गया, वहीं दूसरी ओर याचिकाकर्ताओं द्वारा इसका लाभ मांगने पर अब कहा जा रहा है कि उन कनिष्ठ अधिकारियों को दिए गए लाभ की जांच की जाएगी। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि सचिव स्तर का अधिकारी कैबिनेट के फैसले पर प्रश्न नहीं उठा सकता, लेकिन अब वह इस फैसले पर पुनर्विचार की बातकर रहे हैं जो गलत है। याचिका के अनुसार, इन अधिकारियों की मूल नियुक्ति 1986-88 में भोपाल गैस त्रासदी के लिए पुनर्वास उपायों के तहत



औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अंतरिम आधार पर हुई थी। उन्होंने स्वीकृत पदों पर निरंतर सेवा दी और अंततः 1998-99 में उनका नियमितिकरण किया गया। हालांकि, 2019 और 2020 के बीच उनकी सेवानिवृत्ति पर, वित्त विभाग ने पेंशन के लिए उनकी अर्हकारी सेवा की गणना केवल उनके नियमितिकरण की तारीख से की, उनके एक दशक से अधिक के अंतरिम कार्यकाल को नजरअंदाज कर दिया। जहां याचिकाकर्ताओं का 1998 में नियमितीकरण हुआ था, वहीं उनके जूनियर अधिकारियों का सेवानियमन बाद में 2008-13 में हुआ था, उन्हें पेंशन के लिए उनकी पूरी अंतरिम सेवा को गिनने का लाभ प्रदान किया गया। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि यह व्यवहार ऐसा है जैसे उनके अपने समकक्षों की तुलना में पहले सेवानियमित होने के कारण उनके साथ ही दंडात्मक व्यवहार किया जा रहा है।

### हाईकोर्ट का निर्देश

## सुबेदार एवं उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 में शामिल करो

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि आयुसीमा में छूट प्रदान करते हुए याचिकाकर्ता को सुबेदार एवं उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 में शामिल करें। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने कहा कि कोर्ट की अनुमति के बिना याचिकाकर्ता का रिजल्ट घोषित नहीं करें। जबलपुर निवासी राहुल तिवारी की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी व अतुल शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कोरोना के कारण पूर्व में सरकार ने परिपत्र जारी कर परीक्षाओं में आयुसीमा में छूट देने का प्रावधान किया था। उक्त परीक्षा में अनारक्षित वर्ग के लिए अधिकतम आयुसीमा 33 वर्ष निर्धारित है। उक्त परिपत्र के तहत 3 वर्ष की छूट दी जानी चाहिए, जोकि नहीं दी गई। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह दलील भी दी गई कि समान प्रकरणों में इंदौर बेंच ने भी अंतरिम राहत दी है।

## सेवानिवृत्त कर्मी से रिकवरी की राशि लौटाएं : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त कर्मी से रिकवरी की राशि लौटाने का आदेश पारित किया। इसके लिए 60 दिन का समय दिया है। याचिकाकर्ता मंडला निवासी जागेश्वर प्रसाद चंद्रौल की ओर से अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी व सुमित्रा तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता जनपद पंचायत, मंडला से सेवानिवृत्त हो चुका है। सेवानिवृत्ति के उपरांत उसे रिकवरी नोटिस थमाया गया। जिसमें लिखा था कि सेवा अवधि में अधिक भुगतान हो गया था, जिसकी रिकवरी की जाएगी। इसका इस आधार पर विरोध किया गया कि वेतन गणना या विभागीय त्रुटि के आधार पर की जाने वाली वसूली न्यायसंगत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सेवानिवृत्ति उपरांत वसूली न किए जाने का दिशा-निर्देश दिया है। लिहाजा, विभागीय भूल के आधार पर की गई रिकवरी की राशि वापस दिलाई जाए। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के पक्ष में राहतकारी आदेश पारित कर दिया।



### पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

## घरेलू हिंसा का मामला जनसुनवाई में पहुंचा

**जबलपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। घमापुर थाना क्षेत्र के सिद्धबाबा निवासी एक पति ने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा और उसे घर से बाहर फेंक दिया। इस घटना का सीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित महिला एसपी ऑफिस पहुंची और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। एएसपी अंजना तिवारी ने घमापुर थाना प्रभारी को आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सिद्धबाबा निवासी प्रीति श्रीवास्तव की शादी 16 साल पहले नीरज श्रीवास्तव से हुई थी। प्रीति का कहना है कि शादी के शुरुआती साल ठीक रहे, लेकिन धीरे-धीरे पति शराब पीकर मारपीट करने लगा। आरोप है कि सास और ननद भी पति को प्रताड़ित करने के लिए उकसाती थीं। प्रीति के मुताबिक, पति ने तलाक देने के दबाव में उसे कई बार बेरहमी से पीटा और उसके नाम का पैतृक मकान भी उससे छीन लिया।

घायल प्रीति ने पुलिस अधिकारियों को सीसीटीवी फुटेज सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई। एएसपी अंजना तिवारी ने बताया कि फुटेज में मारपीट की पुष्टि हुई है और घमापुर थाना पुलिस को जल्द से जल्द आरोपियों पर कार्रवाई करने निर्देश दिए गए हैं।

### जिलों की सीमाओं पर चैक पोस्ट बनाने के निर्देश

## धान खरीदी के विजुअल कंट्रोलरुम में रखे जायेंगे

**जबलपुर।** धान उपार्जन की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से वेयरहाउस की उपलब्धता और उनमें आवश्यक सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इस बार की धान उपार्जन की व्यवस्था को बेहतर और पारदर्शी करने के लिए सीसीटीवी की एकीकृत मॉनिटरिंग प्रणाली स्मार्ट सिटी में कंट्रोल रूम बनाकर की जाएगी। इसके लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए। संबंधित अधिकारी को अबाधित विद्युत आपूर्ति और इंटरनेट की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीसीटीवी के माध्यम से पूरी उपार्जन अवधि के प्रत्येक महत्वपूर्ण विजुअल कंट्रोल रूम में रखे जाएंगे और उपार्जन केंद्रों पर निगरानी रखी




जाएगी। इसके अलावा अधिक रकबा वाले किसानों की भूमि के सत्यापन के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने जबलपुर को जोड़ने वाले समीपवर्ती जिलों के पहुंच मार्ग पर चेक पोस्ट बनाने का निर्णय लिया है। सिहोरा विकासखंड में दो और पाटन विकासखंड में एक चेक पोस्ट बनाया जाएगा। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उपार्जन केंद्रों की संख्या को एक बार अंतिम रूप से देखें। कलेक्टर ने धान उपार्जन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## कोहरे के कारण 4 पैसेंजर ट्रेने 2 माह के लिए निरस्त

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा उत्तर मध्य रेलवे में सर्दियो के दौरान घने कोहरे के चलते सुरक्षा की दृष्टि से पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ एवं टर्मिनेट होने वाली 4 पैसेंजर ट्रेनों को 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक दो महीनें के लिए निरस्त कर दिया। जो ट्रेनें निरस्त कर दी गई है उनमें गाड़ी संख्या 51907 इदगाह – भरतपुर पैसेंजर।, गाड़ी संख्या 51908 भरतपुर – इदगाह पैसेंजर।, गाड़ी संख्या 51909 इदगाह – भरतपुर पैसेंजर।, गाड़ी संख्या 51910 भरतपुर – इदगाह पैसेंजर शामिल हैं।

### एम.पी. ट्रांसको का प्रोटेक्शन सेल सौ प्रतिशत डिजिटल

## फाल्ट लोकेशन की पहचान मिनिटों में संभव

**जबलपुर।** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के केंद्रीयकृत प्रोटेक्शन सेल ने अब पूरी तरह डिजिटल स्वरूप ले लिया है। प्रदेश में 42 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी ट्रांसमिशन लाइनों, 417 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के 1000 से अधिक पावर ट्रांसफार्मरों की हर पल निगरानी एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले प्रोटेक्शन सेल का समूचा कार्य अब पूर्णतः डिजिटली संचालित हो रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एम.पी. ट्रांसको को यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर बधाई देते हुये इसे तकनीकी आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### मोबाइल, गूगल सीट का हो रहा उपयोग

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि प्रोटेक्शन सेल के डिजिटल होने के बाद प्रदेश मे कंपनी के नेटवर्क के सभी फाल्ट रिपोर्ट, इवेंट डेटा, डिस्टर्बेंस रिकॉर्ड, ट्रेकिंग फाइलें, तथा एनालिटिकल रिपोर्ट अब मोबाइल, ईमेल या गूगल शीट के माध्यम से तुरंत उपलब्ध हो जाती हैं। किसी भी लाइन-फाल्ट, उपकरण फेल्यूअर या ओवर-लोडिंग की स्थिति में रियल-टाइम अलर्ट सीधे संबंधित अभियंताओं तक पहुँचने से निर्णय लेने की गति बढ़ी है और ट्रिपिंग एवं ब्रेकडाउन की स्थिति को नियंत्रित किया जा सका है।

### प्रदेश मे बढी ट्रांसमिशन विश्वसनीयता

इस पूरी प्रक्रिया के डिजिटल होने से फाल्ट लोकेशन की सटीक पहचान अब कुछ ही मिनटों में संभव है, प्रोटेक्शन सेल और फील्ड टीमें अब इंटीग्रेटेड डिजिटल नेटवर्क से जुड गई है, डेटा एनालिटिक्स के आधार पर प्रीवेंटिव मेंटेनेंस अधिक व्यवहारिक रूप मे संभव है, जिससे प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क की विश्वसनीयता और स्थिरता को सुदृढता प्राप्त हुई है।

## नाबालिग कर रहा था तस्करी, 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

**जबलपु।** रांझी पुलिस ने मढ़ई व्हीकल स्टेट के खण्डहर क्वाटर में बड़ा पत्थर रांझी में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक 17 वर्षीय बालक को गिरफ्तार कर उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब और एक्सिस वाहन जब्त किया है। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मढ़ई व्हीकल स्टेट के खण्डहर क्वाटर में बड़ा पत्थर रांझी जाने वाली रोड की ओर एक एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड व्ही 9094 में अधिक मात्रा में शराब रखे हुये जा रहे 17 वर्षीय बालक को गिरफ्तार कर उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब और एक्सिस वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

### टीटीई और युवक बने लूट का शिकार

## शहर में मोबाईल लूटने वाले सक्रिय

**जबलपुर।** सिविल लाईन और विजयनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल लूटने की दो वारदातें सामने आई हैं। सिविल लाईन थाना अतंर्गत बीएसएनएल आफिस के सामने मोबाइल पर बात करते हुए आ रहे एक टीटीई के हाथ से बाईक सवार तीन अज्ञात लड़कों ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया, वहीं विजयनगर में अग्रलोक प्रापर्टी के सामने तीन अज्ञात बाईक सवार लड़कों ने एक युवक का आईफोन लूटकर ले गए। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यमेव जयते परिसर ब्लॉक सी अंबेडकर चौक निवासी 48 वर्षीय टीटीई रंजीत कुमार गत रात रेलवे स्टेशन से मोबाइल पर बात करते हुए टहलते हुए अपने घर की तरफ आ रहा था, रात 9.20 बजे जैसे ही बीएसएनएल ऑफिस के सामने पहुंचा, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल में तीन अज्ञात लड़के आये और मोटरसाइकिल में पीछे बैठे लड़के ने उसके हाथ से उसका वन प्लस कम्पनी का मोबाईल झपट्टा मारकर भाग गये। इसी तरह विजयनगर में विकास नगर कृषि मंडी विजय नगर निवासी 42 वर्षीय रामकिंकर सिंह राजपूत गत दिवस रात 9 बजे मोबाईल पर बात करते हुये टहलते हुए एसडीआई चौक की तरफ आ रहा था. जैसे ही अग्रलोक प्रापर्टी के सामने पहुंचा तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल में तीन अज्ञात लड़के आये और मोटरसाइकिल में पीछे बैठे लड़के ने उसके हाथ से उसका एप्पल कम्पनी का मोबाईल झपट्टा मारकर ले भागे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट पर धारा 304(1), 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है।






## अतिक्रमण हटाओ अभियानः छोटी लाइन फाटक से गौरीघाट तक कार्रवाई

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात प्रदान करना है। अपर आयुक्त अरविंद शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से और सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया ने बताया कि 25 नवंबर 2025 को छोटी लाइन फाटक से बंदरिया तिराहा होते हुए, रामपुर चौक से साउथ एवेन्यू मल और गौरीघाट तक अतिक्रमण हटाने की रिपीट कार्रवाई की गई। इसके अलावा दमोह नाका क्षेत्रीय बस स्टॉप, बाजनामठ, धनवंतरी नगर और गोहलपुर में भी अतिक्रमण हटाया गया। लेफ्ट टर्न में लगे ठेले और टपरे हटाकर मार्ग को खाली कराया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240